# कोलफील्ड मिरर

Website : coalfieldmirror.com

हर पल आपके साथ

कोलकाता | शुक्रवार 03 मई 2024 | वर्ष-07 | अंक-1016 | पृष्ठ-06 | RNI (TA) No. 2022027633


























# महिला कारोबारी पर शीतला ग्राम में मंदिर तोड़वाने और धार्मिक उन्माद फैलाने का आरोप

कोलफील्ड मिरर 03 मई (आसनसोल): लोभ- लालच के चक्कर में कैसे कोई इन्सान हैवान बन जाता है, ऐसी अनेक कहानियां आपने पढ़ी या सुनी होगी, लेकिन क्या यह भी सुना है कि कोई लालच में आकर अपने ही धार्मिक स्थल को क्षतिग्रस्त कर दे, चंद रुपयों या थोड़ी सी जमीन की खातिर धार्मिक उन्माद फ़ैलाने का प्रयास करे. जी हाँ, ऐसा हुआ है और आज की खबर देखकर आप भी हैरात में पड़ जायेगे.



राष्ट्रिय राजमार्ग संख्या 2 से सटे आसनसोल नगरनिगम के वार्ड संख्या 21 अंतर्गत शीतला ग्राम से ऐसी ही खबर आ रही है, जहाँ एक महिला कारोबारी पर ग्रामीणों का आरोप है कि कुछ गुंडों को भेजकर उसने हमारी बजरंगबली की मंदिर तोड़वा दी.

ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि सरकारी जमीन हड़पने के लिए ये कुकृत्य उक्त महिला कारोबारी द्वारा किया गया और राजनतिक समर्थन हासिल करने एवं धार्मिक उन्माद फैलाने के लिए इसका आरोप एक मुस्लिम व्यवसाई पर लगा दी. जिसे लेकर उक्त महिला कारोबारी के प्रति ग्रामीणों में काफी रोष देखा जा रहा है.

गुरूवार ग्रामीणों ने घटनास्थल पर एक संवाददाता सम्मलेन कर इसकी विस्तृत जानकारी दी. उन्होंने बताया कि यह पलाशडीहा मौजा के आरएस 590 और एलआर 693 अंतर्गत लगभग 4 एकड़ जमीन का मामला है. ग्रामीणों ने बताया कि हमलोग यहाँ पुरखो से रहते आ रहे है, हमलोग इष्ट देवता के रूप में बजरंगबली की पूजा करते है, इसलिए हमलोगों ने यहाँ इस सरकारी जमीन पर उनकी एक मंदिर बनाई थी, चूँकि जमीन हाइवे से सटा हुआ है, जिसके कारण इसकी कीमत काफी बढ़ जाती है, इसलिए उक्त महिला कारोबारी की दुष्ट निगाह इस जमीन पर है. ग्रामीणों ने दावा किया कि उक्त महिला इससे पहले भी अनेको सरकारी जमीन पर अवैध तरीके से कब्ज़ा करके बेच चुकी है, अब उसकी नजर हमारे गाँव की जमीन पर है.

ग्रामीणों ने कहा कि उसने अपने गुंडे भेजकर हमारी मंदिर को तोड़वा दिया और इसका इल्जाम एक मुस्लिम कारोबारी पर लगाया, ताकि धार्मिक उन्माद फैले और आमलोगो एवं राजनितिक समर्थन उसे हासिल हो सके, जिसके आड़ में वह अपने मंसूबे को पूरा करने में कामयाब हो सके.

ग्रामीणों ने बताया कि उक्त मंदिर को बीते 7 अप्रेल को तोड़ा गया और 8 अप्रेल को हमलोगों ने आसनसोल उत्तर थाना में इसकी लिखित शिकायत दी, किन्तु पुलिस द्वारा हमें शिकायत की रिसीविंग नहीं दी गई. इसके बाद हमलोगों ने आसनसोल उत्तर के विधायक सह राज्य मंत्री मलय घटक से मुलाकात कर इस घटना की विस्तृत जानकारी से उन्हें अवगत कराया. मंत्री महोदय ने कहा उक्त जमीन का मामला हाई कोर्ट में चल रहा है, इसमें वे कुछ नहीं कर सकते. ग्रामीणों ने कहा कि इसकी जानकारी स्थानीय पार्षद सरबनी मंडल को भी दी गई लेकिन कही से कोई सहायता नहीं मिल पा रही है.

जबकि ग्रामीणों का आरोप है कि सरकारी जमीन को उक्त महिला कारोबारी ने अवैध तरीके से अपने नाम पर कर लिया और उस जमीन को अपना बता रही है, हालाँकि हमलोगों ने डीएल एंड आरओ में आरटीआई करके जमीन का विवरण निकलवाया है, जिसमे साफ़ साफ़ लिखा है कि यह जमीन सरकार की है, तो किस तरह से उक्त महिला कारोबारों अपने नाम की जमीन की दलील पेश कर रही है, इससे साफ़ जाहिर होता है कि सम्बंधित अधिकारियो के मिलीभगत से उसने फर्जी तरीके से दलील बनाई है और इस सरकारी जमीन पर कब्ज़ा करना चाहती है.

इसके आलावा ग्रामीणों ने बताया कि वर्ष 2019 में आसनसोल नगरनिगम द्वारा उक्त जमीन पर हमलोगों के लिए एक शौचालय निर्माण का कार्य शुरू किया गया था, उस वक्त मेयर जितेन्द्र तिवारी थे, किन्तु उनके हटते ही शौचालय का काम रुक गया है.

मौके पर ग्रामीणों में रवीद्रनाथ वैद्यकर, शिबानी वैद्यकर, बिजुली वैद्यकर, संजू वैद्यकर आदि उपस्थित थे.

# जामुड़िया में उल्कापिंड की अफवाह, मकान क्षतिग्रस्त, लोगों में दहशत

कोलफील्ड मिरर 03 मई (जामुड़िया): इकड़ा औद्योगिक क्षेत्र स्थित ग्रेट ईस्टर्न नामक रोलिंग मिल फैक्ट्री में आरपीएम मोटर का पहिया खुल गया और रोलिंग मिल का पहिया टूट गया, मोटर का टूटा हुआ हिस्सा जामुड़िया में तीन अलग-अलग जगहों पर गिरा। जिससे भयावह दुर्घटना हुई इसमें कई लोगों के मकान क्षतिग्रस्त हो गया तथा लोग घायल भी हुए। इसके बाद आक्रोशित लोगों ने मुआवजे की मांग पर प्रदर्शन किया।



इस घटना में इकड़ा गांव के बाउरीपाड़ा के अमर बाद्यकर नामक व्यक्ति के घर के पिछवाड़े में टुकड़ा गिरा, इस घटना में उनकी 18 वर्षीय बेटी झूलन बाद्यकर गंभीर रूप से घायल हो गई। उनके शरीर के कुछ हिस्सों में चोट लग गयी, जिसके बाद उन्हें इलाज के लिए स्थानीय अखलपुर उपस्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। इसके अलावा घटक पड़ोसी अनिल बाद्यकर के घर की छत से टकराकर अमर बाद्यकर के घर के पिछवाड़े में जा गिरा। हालाँकि शुरुआत में इस घटना को उल्कापिंड से टकराने की अफवाह थी। लेकिन बाद में इसके कुछ हिस्सों में मोटर के टुकड़े गिरने की खबरें सामने आईं।

फिलहाल, घटना स्थल पर भारी संख्या में पुलिस बल ने इलाके को घेर लिया है। यह घटना कैसे हुई और इस घटना से प्रभावित लोगों को कैसे मुआवजा दिया जा सकता है, इस पर अब चर्चा हो रही है।

मालूम हो कि इस फैक्ट्री के हिस्से गिरने से न सिर्फ इकरा इलाके में, बल्कि इकरा के राजारामडंगा और जादूडांगा इलाके में भी कई लोगों के घर क्षतिग्रस्त हो गये।

फिलहाल घटना की सूचना पर पुलिस के आलाधिकारी पहुंचे और घटना की जांच शुरू कर दी है।

इधर इस घटना को देखते हुए लोग ग्रेट ईस्टर्न फैक्ट्री के सामने सड़क जाम कर प्रदर्शन कर रहे हैं और मुआवजे की मांग कर रहे हैं। इस बीच फैक्ट्री के अंदर जाकर देखा गया तो फैक्ट्री में मोटर के कई हिस्से तीन टुकड़ों में बिखर गए हैं।

# संदेशखाली की महिलाओ ने किया भाजपा को वोट देने की अपील, मिडिया को देख कार्यक्रम समाप्त कर दिया

**पैसे देकर अंजान महिलाओ से प्रचार करा रही भाजपा, संदेशखाली की माताओं-बहनों के सम्मान के साथ खिलवाड़- बीर बहादुर सिंह**

कोलफील्ड मिरर 03 मई (पांडेश्वर/ रानीगंज): जैसे- जैसे आसनसोल लोकसभा चुनाव का तारीख सामने आ रही है, पार्टी चुनाव प्रचार के लिए हर तरीका आजमा रही है,

इसी महीने 13 मई को चुनाव है राजनीतिक दल एक इंच भी जमीन छोड़ने को तैयार नहीं हैं। ऐसे में भाजपा की ओर से पांडवेश्वर प्रखंड के बहुला के बाध्यकर पाडा, शिवमंदिर के पास बीजेपी की ओर से पथसभा का आयोजन किया गया इस पथसभा में मुख्य वक्ता के तौर पर संदेशखाली की तीन महिलाएं चुनाव प्रचार करने आई.

संदेशखाली की महिला ने जब माइक्रोफोन पर बोलना चाहा तो न्यूज मीडिया का कैमरा के सामने नही बोला उसने माइक नीचे कर दिया और कैमरा करने की इजाजत नही दी गई. कारण पूछने पर भाजपा नेताओं और कार्य कर्ताओं की ओर से कोई जवाब नहीं मिला।



इस दौरान संदेशखाली की कुछ महिलाएं मुख्य वक्ता के तौर पर मौजूद थीं लेकिन जब मीडिया वहां पहुंची तो उन्होंने बिना भाषण दिए ही कार्यक्रम खत्म कर दिया.

जब बीजेपी और ओबीसी मोर्चा के आसनसोल जिला अध्यक्ष अमिताभ गराई से संदेशखाली की महिलाओं के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि बेशक संदेशखाली की माताएं और बहनें हमारे साथ हैं, लेकिन वे संदेशखाली से कहां से आई हैं, यह बताना संभव नहीं है. बताने से इन महिलाओं पर बाद मे तृणमूल कांग्रेस के लोग अत्याचार भी कर सकता है,

वहीं जब तृणमूल कांग्रेस नेता और बहुला ग्राम पंचायत के उपप्रधान बीर बहादुर सिंह से इस बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि बीजेपी धर्म पर राजनीति कर रही है, इसलिए अब जगह-जगह अनजान चेहरों को पैसे देकर वोट के लिए प्रचार कर रही है. संदेशखाली महिला के रूप में इस तरह वे न सिर्फ क्षेत्र की आम जनता को धोखा दे रहे हैं, बल्कि संदेशखाली की माताओं - बहनों के सम्मान के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं.

इस पथ सभा को सफल बनाने मे सुस्पिता दास, सबिता सरदार, संपा सरदार, रीता आंडी, शिखा मंडल, संजीव मंडल, ओबीसी मोर्चा के मंडल अध्यक्ष बरुण ठाकुर, मंडल अध्यक्ष बैणूधर क्षय मंडल, पार्थो पाल सुधीर सिंह, सुरज चौहान, बिनोद मिस्री, ओशित बाउरी, मोहित मांझी तथा अन्य भाजपा कर्मी मौजूद रहे।

# ईसीएल में श्रमिक दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

कोलफील्ड मिरर 03 मई (सांकतोड़ीया): मई दिवस के अवसर पर ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड में श्रमिक दिवस अत्यंत ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। ईसीएल मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम में प्रथमतः सीएमडी ईसीएल समीरन दत्ता, ईसीएल के निदेशकगणों एवं अन्य उपस्थितों के द्वारा ईसीएल मुख्यालय में स्थित शहीद स्मारक पर उन सभी खनिकों को श्रद्धांजलि दी गई जिन्होंने कंपनी और राष्ट्र की सेवा करते हुए अपने प्राण न्योछावर कर दिये।



देश के विकास एवं ऊर्जा उत्पादन के लिए दिये गये उनके बलिदान को सदा ही याद रखा जाएगा।

तदोपरांत, ईसीएल मुख्यालय के खनिक प्रांगण में जाकर सभी उपस्थितों ने देश के ऊर्जा उत्पादन हेतु अपना योगदान और बलिदान देने वाले खनिकों के सम्मान में स्थापित खनिक प्रतिमा को नमन किया एवं पुष्प अर्पित किए। इसके उपरांत सीएमडी, ईसीएल ने कोल इंडिया का ध्वज फहराया व इसके साथ ही कोल इंडिया का कॉर्पोरेट गीत बजाया गया। तत्पश्चात, ईसीएल के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक समीरन दत्ता द्वारा सभी को संबोधित करते हुये कहा गया कि यह एक ऐतिहासिक दिन है। कंपनी एवं राष्ट्र के विकास में श्रमिकों की भूमिका बहुत अहम है। श्रमिकों के अथक प्रयासों से ही कंपनी ने कोयला उत्पादन तथा उत्पादकता में नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं व उत्तरोत्तर विकास के पथ पर अग्रसर है। उन्होंने इस अवसर पर सभी को मई दिवस की हार्दिक शुभकामनायें दी।

इस अवसर पर ईसीएल के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक समीरन दत्ता के साथ निदेशक (कार्मिक) आहुती स्वाईं, निदेशक (तकनीकी) संचालन नीलाद्रि राय की गरिमामई उपस्थिती रही। निदेशकगणों के अतिरिक्त विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, श्रमसंघों के प्रतिनिधिगण तथा अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे। मुख्यालय की ही भांति, ईसीएल के क्षेत्रों/ प्रतिष्ठानों में श्रमिक दिवस धूम-धाम से मनाया गया।




# एफके ग्रुप ने शरबत और ठंडा शीतल पेयजल का कैंप लगाया गया




कोलफील्ड मिरर 03 मई (आसनसोल): एफके ग्रुप के चेयरमैन फिरोज खान एफके ने बताया कि गर्मी से लोगो का बुरा हाल है और दिन में तापमान इतना ज्यादा रहता है कि लोगो की हालात खराब हो जाती है।

ऐसे में एफके ग्रुप के सीएसआर पहल के तहत जगह- जगह मुख्य सड़क के किनारे शरबत और ठंडे मिनरल वाटर की बोतल का कैंप लगाया जा रहा है, जहां पर एफके ग्रुप के स्वयं सेवक रोड में आने जाने वाले मजदूर, टोटो, ठेला, रिक्शा वाले के साथ आम राहगीरों को ठंडा शरबत पिला रहे हैं और कोल्ड मिनरल वाटर की बोतल दे रहे हैं, जिससे लोगो को राहत मिल रही है।

फ़िरोज़ खान एफके ने बताया कि गर्मी का मौसम और उच्च तापमान जारी रहेगा, तबतक एफके ग्रुप के तरफ से ऐसा कैंप बहुत सारे अलग अलग एरिया में चलता रहेगा। एफके ग्रुप के सीएसआर पहल का मकसद ही आम लोगों को फायदा और हर जरूरत में काम आना और जरुरतमंदो को राहत पहुँचाना है।

# मालंचा सुपर मार्केट व्यवसायी समिति ने तीन हजार लोगों में किया शरबत वितरण



कोलफील्ड मिरर 03 मई (खड़गपुर): पश्चिम मेदिनीपुर जिले के खड़गपुर शहर अंतर्गत मालंचा रोड स्थित नगरपालिका अधीन सुपर मार्केट की व्यवसायी समिति के तत्वावधान में भीषण गर्मी से लोगों को राहत देने के लिए बुधवार को शीतल पेयजल व शर्बत का वितरण किया गया। सुबह 11 बजे से दोपहर करीब तीन बजे तक चले इस आयोजन में मालंचा सुपर मार्केट व्यवसायी समिति के सदस्यों ने करीब तीन हजार राहगीरों को शीतल जल व शर्बत पिलाया। आम राहगीरों के बीच स्कूल से घर वापसी कर रहे बच्चों में इसको लेकर खासा उत्साह देखा गया।

इस मौके पर सुपर मार्केट व्यवसायी समिति की चेयरमैन हेमा चौबे, सचिव सुमन राय, कोषाध्यक्ष समीर विश्वास के साथ अन्य सदस्यों में धीरज कुमार, अंकित अग्रवाल, संजय कुमार, भोला, रफीक व राजा कर समेत अन्य सदस्यों ने लोगों को शीतल पेयजल व शर्बत वितरित किया।

सचिव सुमन राय ने कहा कि प्रतिवर्ष की भांति इस बार भी हम लोगों ने भीषण गर्मी को देखते हुए राहगीरों के बीच तृषा निवारण के लिए जलदान कर अपने सामाजिक दायित्व का पालन किया है। आयोजन को सफल बनाने में समिति से जुड़े सभी सदस्यों का सक्रिय योगदान रहा।

## 14 बीघा सरकारी जमीन पर कब्ज़ा

# माफिया के आगे जिला प्रशासन, पुलीस, नगर निगम व बीएलआरओ हुआ नतमस्तक

कोलफील्ड मिरर 03 मई (नियामतपुर): कुल्टी थाना अंतर्गत सीतारामपुर जोहरगढ़ शमशान के समीप करीबन 14 बीघा सरकारी जमीन पर एक भू माफिया द्वारा जीला प्रशासन को ठेंगा दिखाते हुए चार दिवारी कर कब्जा कर लिया गया। युक्त माफिया के आगे जिला, पुलीस, नगर निगम व बीएलआरओ बोना साबित हुआ।

कुल्टी बीएलआरओ प्रभारी से पूछने पर उन्होंने कहा कि कुल्टी थाना मे जमीन में कब्ज़ा ना हो, चार दिवारी का कार्य रोका जाय, इसके लिए लिखित शिकायत दर्ज की गई है। साथ ही अतरिक्त जीला शासक और आसनसोल निगम को भी लिखित सूचित किया गया है।



परन्तु इसके विपरित देखा गया कि रात के अँधेरे में पुरे सरकारी ज़मीन के सामने चार दिवारी कर दी गई, बस गेट लगाना बाकी रह गया है।

जमीन के कब्जे से पहले निगम द्वारा कुल्टी थाना में लिखित शिकायत भी की गई, परन्तु खाना पूर्ति करते दिखा सारा विभाग। शिकायतो को ठंडे बस्ते में डाल दिया।

वही लोगों का आरोप हैं कि बार- बार शिकायत दर्ज होने पर भी सरकारी विभागों, पुलीस और जिला प्रशासन द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई। आमतौर तो देखा जाता है कि किसी आम आदमी के संबंध में एक छोटा सा शिकायत होने पर सारा सरकारी अमला टूट पड़ता है, परन्तु किसी प्रभावशाली व्यक्ति की बात आते ही सारे नियम- कानून बदल जाते है। क्या उन्हें सरकारी संपत्ति लूट करने का प्रमाण पत्र मिला हुआ हैं।

कुछ लोगो ने कब्जे का विरोध किया था, उनका कहना था कि यह 14 बीघा सरकारी जमीन पर बहुत सारे प्रोजेक्ट का कार्य के लिए जमीन का उपयोग हो सकता हैं। परन्तु लोगो के आंखो में धूल झोंकने का कार्य प्रसानिक विभागों ने किया। शिकायते भी ठंडे हो गए अखबारों मे छपने पर दिखावे के लिय पुलिस घटना स्थल पहुंच जाति हैं और खाना पूर्ति कर चली जाती हैं।

वहीं इस विषय पर कुल्टी ब्लॉक के युवा तृणमूल कांग्रेस अध्यक्ष विमान दत्त ने भी आवाज उठाया था, परन्तु अब वे भी शांत हैं, पूछने पर चुनाव में व्यस्त होने की बात बता रहे हैं।


उल्लेखनीय है कि यह जमीन कुल्टी थाना अंतर्गत सीतारामपुर जोहरगढ़ शमशान समीप करीबन 14 बीघा सरकारी ज़मीन हैं। निगम प्रशासन ने कब्जे को अनुचित कह कर कुल्टी थाने मे प्रथिमिकी दर्ज की थी। वही नगर निगम के अभियंता और लीगल सेल के अधिकारियों द्वारा जमीन पर नगर निगम का बोर्ड लगा दिया गया था और उसमें लिखा था कि यह जमीन नगर निगम की संपत्ति है।

परंतु देखा जा रहा हैं कि बीते वर्ष पूजा की छुट्टी के दौरान निगम के लगे बोर्ड को हटा दिया गया। उसके बाद निगम ने भी चुप्पी साध ली। और माफियाओं द्वारा उस जमीन को घेरने का कार्य शुरू कर दिया गया है।

सूत्रों से मिली जानकारि के अनुसार इस जमीन के दो दाग में करीबन 14 बीघा जमीन है। खास जमीन के रूप में रिकॉर्ड है और जो कुछ और भी जमीन है जो कि आपकर कोल के नाम पर है। जिसका मालिकाना कोल इंडिया हैं।

सरकारी जमीन का दाग का कुछ हिस्सा एक व्यक्ति के नाम पर रिकॉड है और सामने से बाउंड्री वॉल का कार्य शुरू कर दिया गया है। सामने की ज़मीन घिर गई तो पीछे के सभी सरकारी जमीन पर जाने का रस्ता बन्द होते ही पुरे ज़मीन पर कब्ज़ा होगा।

इस विषय पर बाउरी समाज के कुछ लोगों ने कई बैठक की थी. साथ ही अखबारों द्वारा इस खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया गया था, जिसमें नगर निगम के मेयर विधान उपाध्याय द्वारा कहा गया था कि इस प्रकार नदी को घेरना और सरकारी जमीन को कब्जा करना बर्दाश्त नही किया जाएगा। कुल्टी भूमि विभाग ने भी थाने मे शिकायत दर्ज़ की। परन्तु सरकारी अमला लोगो के आंखो में धूल झोंकने के साथ खाना पूर्ति करते दिखा और दूसरी तरफ जमीन पर कब्जा हो गया।



# पानी उपलब्ध कराने को लेकर महिलाओं ने किया विरोध प्रदर्शन



कोलफील्ड मिरर 03 मई (रानीगंज): सौर ऊर्जा प्रोजेक्ट के बन्दी के खिलाफ ग्रामीणों का प्रदर्शन जारी। सैकड़ो महिलाओं ने प्रदर्शन करते हुए पत्रकारों से कहा कि ईस्टर्न कोलफील्ड लिमिटेड के कुनुसतोरिया एरिया अंतर्गत महावीर कोलियरी ओसीपी में सौर ऊर्जा उत्पादन परियोजना का निर्माण हो रहा है, एक निजी कंपनी की तरफ से इलाके में घेराबंदी करके निर्माण कार्य किया जा रहा है, क्षेत्र के पुराने पोखर की भराट कर दी गई है। इस पोखर पर वर्षों से ग्रामीण नहाते थे एवं आस्था की छठ पूजा भी करते थे इसलिए ग्राम वासियों को नाराजगी है कि हमें पानी कहां उपलब्ध होगा कई ग्रामीणों ने बताया कि इस तरह गैर कानूनी रूप से सैकड़ो पैड काट दिए गए हैं इससे जहां पर्यावरण को नुकसान होगा एवं हम सभी प्रभावित होंगे ग्राम वासियों ने कहा कि समस्या को लेकर हम लोग रानीगंज बोरो अध्यक्ष के पास जाएंगे.

ग्रामीणों ने बताया कि इस प्रोजेक्ट के लिए आसनसोल दुर्गापुर प्राधिकरण कार्यालय से एनओसी भी नहीं गई है, इसकी जांच की जानी चाहिए। स्थानीय लोगों के मुताबिक सोलर प्रोजेक्ट निर्माण के पहले क्षेत्र में सैकड़ो पेड़ थे लोगों को शुद्ध ऑक्सीजन मिलता था लेकिन इस प्रोजेक्ट निर्माण से ठेकेदारों ने पर्यावरण की धज्जियां उड़ाते हुए सभी पेड़ काट डालें। इसके कारण भी इलाके में तापमान बढ़ गया है।

# ओर्बिट ट्यूटोरियल के छात्रों का रहा दसवीं में बेहतर प्रदर्शन

कोलफील्ड मिरर 03 मई (रानीगंज): ओर्बिट ट्यूटोरियल के छात्रों ने माध्यमिक में फिर एक बार बेहतर प्रदर्शन किया है। इस साल दसवीं के परीक्षा में कोचिंग के छात्रों ने अत्यधिक अंक लाकर ना केवल अपना और अपने परिवार का बल्कि शहर का नाम भी रोशन किया है।

बता दें कि ओर्बिट ट्यूटोरियल शिल्पांचल का एकमात्र ऐसा शिक्षण संस्थान है, जहां के हिंदी माध्यम के छात्र हर साल बेहतर अंकों से अव्वल होते आए हैं। बंगाल बोर्ड की सूची में गैर हिंदी माध्यम के छात्रों का भी बोलबाला बढ़ रहा है। टोपर्स की लिस्ट में हिंदी माध्यम के छात्रों ने भी अपना स्थान बना लिया है।

शिल्पांचल के हिंदी माध्यम के प्रतिभाशाली




छात्रों में से रोहित गुप्ता- 605 , गणित-98, हिंदी- 93, शुभम साव -550, कार्तिक लाल-551, अर्शददउल खान -531, मुस्कान साव- 522, सोनम, चौधरी- 518 , सिद्धि शर्मा- 514, किशन राम -508, आकाश गौंड- 475, रौशन शर्मा- 472, प्रताप पंडित- 467, दुर्गेश राम- 462, शोनाली यादव- 461, अमरिता साव- 457, सुमित ठाकुर- 452, शिवम सिंह- 432, एकता गुप्ता 428, शिवा हेला- 423, सुरज महतो 422 ने बेहतर अंकों के साथ परीक्षा पास किया है।

छात्रों की सफलता से उनके अभिभावक एवं शहरवासियों में काफी उत्साह है। सभी ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इसके अलावा भी कई छात्रों का प्रदर्शन सराहनीय रहा है।

इस मौके पर संस्थान के संस्थापक व शिक्षक श्री ललन प्रसाद सिंह ने कहा कि ओर्बिट ट्यूटोरियल उन सभी छात्रों के उज्ज्वल भविष्य का कामना करता है। इस सफलता का पूरा श्रेय छात्रों को जाता है। वे अपनी कड़ी मेहनत और लगन के कारण ही सफल हो पाए। वहीं शिक्षक अनवर अंसारी का कहना है कि छात्रों के इस सफलता का पूरा श्रेय छात्रों को ही जाता है। ओर्बिट ट्यूटोरियल तो बस एक मार्गदर्शक की भूमिका में है।

# श्री हरी ग्लोबल आईआईएसडी फाउंडेशन ने की स्किल ट्रेनिंग प्रोग्राम शुरुआत



कोलफील्ड मिरर 03 मई (आसनसोल): देश में बढ़ती बेरोजगारी के अनेको कारन हो सकते है, किन्तु इसमें मुख्य रूप से युवाओं को अप्रशिक्षित होना माना जाता है, चूँकि बड़ी बड़ी मल्टीनेशनल कम्पनियाँ वैसे युवा को तवज्जो देती है, जो पढ़ाई के साथ साथ हुनरमंद हो.

इसी कमी को पूरा करने के उद्देश्य से श्री हरी ग्लोबल आईआईएसडी फाउडेशन ने किफायती और सुविधाजनक तरीके से स्किल ट्रेनिंग प्रोग्राम की शुरुआत की है. जिसके तहत श्री हरी ग्लोबल के पदाधिकारियों ने बंगाल श्रृष्टि स्थित ओडिशी क्लब में एक संवाददाता सम्मलेन कर विस्तृत जानकारी दी. इस दौरान रामकिशन मिशन आसनसोल के सचिव सौमात्मानन्द जी महाराज और श्री हरी ग्लोबल के डायरेक्टर डॉक्टर राहुल वर्मा के हाथो कार्यक्रम की शुरुआत हुई.

उन्होंने बताया कि श्री हरी ग्लोबल आईआईएसडी फाउंडेशन ने बिरला ओपन माइंड और सहज के साथ मिलकर काफी सुव्यवस्थित तरीके से युवाओं को वर्तमान जरुरत के अनुशार हुनरमंद करने का संकल्प लिया है. इसके तहत टेलीकोलर सेल्स एक्जक्यूटीव, डिजिटल मार्केटिंग एक्जक्यूटीव, फिल्ड टेक्नीशियन (कंप्यूटर एंड पेरिफेरल), अकाउंट एक्जक्यूटीव, फिल्ड सेल्स एक्जीक्यूटीव (टेलीकम प्लान्स एंड सर्विस), लोजिस्टिक इन्वेंटरी क्लर्क, रिटेल सेल्स एसोसियेट, डाटा इंट्री ओपरेटर और मेडिकल सेल्स रिप्रेजेंटेटिव का कोर्स काफी कम शुल्क में कराया जायेगा, ताकि हमारे युवा प्रशिक्षित होकर विभिन्न कंपनियों में नौकरी कर सके और अपने परिवार का भरण पोषण कर सके.

# रक्तदान शिविर का आयोजन

कोलफील्ड मिरर 03 मई (रानीगंज): रक्तदान महादान है रक्त देकर किसी जरूरतमंद की जान बचाई जा सकती है उक्त बातें चैंबर ऑफ़ कॉमर्स एवं अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन के संयुक्त तत्वाधान में चेंबर के हाल में रक्तदान शिविर को संबोधित करते हुए विधायक तापस बनर्जी ने कहा।

उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम में ब्लड बैंक में रक्त की कमी रहती है ऐसे वक्त में हमें रक्तदान शिविर का आयोजन करके और रक्त संग्रह करना चाहिए एवं ब्लड बैंक को रक्त देना चाहिए ताकि जरूरत पड़ने पर किसी की जान बचाई जा सके।

इस मौके पर उन्होंने रक्तदान करने वाले लोगो को



बैच पहनकर सम्मानित किया एवं उनका हौसला अफजाई किया।

चैंबर ऑफ़ कॉमर्स के अध्यक्ष रोहित खेतान ने कहा कि रक्तदान में महिलाओं ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया है एवं धीरे-धीरे हम लोगों का प्रयास है कि जो लोग रक्तदान देने से डरते हैं उनके मन का डर भी निकाल कर उन्हें समाज सेवा करने का अवसर दें एवं आने वाले दिनों में उन्हें भी रक्तदान करने को प्रेरित कर सके।

इस मौके पर युवा समाजसेवी अंकुर केडिया ने कहा कि रक्त देकर मुझे बहुत अच्छा लगा इस तरह के सामाजिक कामों में सभी लोगों को योगदान देने की जरूरत है।

आसनसोल जिला ब्लड डोनर संगठन के प्रमुख प्रवीण धर ने कहा कि रक्तदान आंदोलन को मजबूत करना होगा विभिन्न तरह के वैवाहिक सामाजिक कार्यक्रमों में भी रक्तदान का आयोजन करना जरूरी हो गया है। रक्त का संग्रह आसनसोल जिला ब्लड डोनर की तरफ से किया गया।

चेंबर के वरिष्ठ पदाधिकारी राजेंद्र प्रसाद खेतान, पूर्व अध्यक्ष अरुण भारतीया, समाजसेवीका वाणी खेतान, रूबी गढ़वाल उपस्थित थीं।

# तप्ति गर्मी में जारी है चुनावी प्रचार



कोलफील्ड मिरर 03 मई (नियामतपुर): इस तपती धूप में भी सांसद प्रत्याशीयो द्वारा चुनाव प्रचार जोर शोर से किया जा रहा है. बुधवार को भाजपा प्रत्याशी एसएस अलुवालिय ने कुल्टी बिधानासभा के नियामतपुर, चलबलपूर, सीतारामपुर, धेमोमेन इलाक़े में चुनाव प्रचार किया.

श्री अलूवालिया द्वारा नियामतपुर देवी मन्दिर समीप से प्रचार अभियान शुरू किया गया,

उनके साथ कुल्टी विधायक अजय पोद्दार, पार्षद अमित तुल्सियान सहीत काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे, प्रचार नियामतपुर जीटी रोड चलबल पूर, लक्ष्मण पूर, सीतारामपुर होते हुए पुराना सीतारामपुर तालपारा, सतयसा, धेमोमेन के आस पास इलाके मे प्रचार करते हुए लोगो से वोट मांगे।

# ठंडा पानी पीने की मशीन लगाई गई

कोलफील्ड मिरर 03 मई (रानीगंज): मारवाड़ी युवा मंच की तरफ से ठंडा पानी पीने की मशीन जेके नगर हाई स्कूल में इंस्टॉल की गई। मुख्य अतिथि समाजसेवी सुमित कयाल ने बतलाया कि जेके नगर स्कूल के प्रबंधन की तरफ से हम लोगों से निवेदन किया गया था कि गर्मियों के मौसम में विद्यार्थियों की सुविधा के लिए ठंडा पीने का पानी उपलब्ध होना चाहिए मारवाड़ी युवा मंच की तरफ से हम लोगों ने एयर कंडीशन ठंडा पीने के पानी की मशीन स्कूल में आज लगा दी है विद्यार्थियों एवं शिक्षक शिक्षिकाओं में खुशी की लहर है। स्कूल के टीचर इंचार्ज शमीम अख्तर ने



युवा मंच के सदस्यों के प्रति आभार प्रकट किया।

समाजसेवी शंकर अग्रवाल ने बताया कि मारवाड़ी युवा मंच के द्वारा निरंतर सेवा के काम किए जाते हैं पीने के पानी की कहीं भी असुविधा हो एवं हमें जानकारी दी जाए तो हम लोग निरंतर वहां पानी उपलब्ध करवाते हैं इसके अलावा विभिन्न तरह की सामाजिक गतिविधियों में संस्था के सदस्य निरंतर प्रयासरत रहते हैं।

इस मौके पर आसनसोल इंजीनियरिंग कॉलेज के इंजीनियर अंकित अग्रवाल, राजेश जिंदल, श्याम जालान, अमित बगड़िया, अध्यक्ष प्रतीक मोर मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# पांडेश्वर समेत सभी क्षेत्रों में धूमधाम से मना अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस



कोलफील्ड मिरर 03 मई (पांडवेश्वर): पांडवेश्वर क्षेत्र समेत सभी क्षेत्रों में मई दिवस मनाया गया, जिसे अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के रूप में भी जाना जाता है, पांडवेश्वर क्षेत्र के महाप्रबंधक ए.के. शर्मा द्वारा कोल इंडिया का ध्वज फहराने और शहीद बेदी पर श्रद्धा सुमन अर्पित करने से मई दिवस का शुभारंभ हुआ, जिसके बाद क्षेत्र के सभी विभागाध्यक्षों और जेसीसी सदस्यों ने भी श्रद्धा सुमन अर्पित किया और अपना वक्तव्य दिया,

इसके बाद पांडवेश्वर क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली सभी कोलियरियो के अधिकारियों और कर्मचारियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया, वही महाप्रबंधक एके शर्मा के नेतुत्व में पांडवेश्वर क्षेत्र का शानदार कोयला उत्पादन होने पर कार्यालय के अधिकारियों और कर्मियो ने जीएम को सम्मानित किया, बंकोला क्षेत्र के गुलमोहर कल्ब में भी मजदूर दिवस सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ मनाया गया,

क्षेत्र के महाप्रबंधक संजय कुमार साहू ने दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया और अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस की महत्व पर प्रकाश डाला,सभी मजदूर संगठनों के प्रतिनिधियों और क्षेत्र सभी विभागों के विभागाध्यक्ष उपस्थित होकर मजदूर दिवस की महत्व पर विचार रखा, बंकोला क्षेत्र समेत सभी कोलियरियो में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले श्रमिको और अधिकारियों को सम्मानित किया गया,

वही ध्रुपपति नृत्य कला केन्द्र पांडवेश्वर के छात्र छात्राओं ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करके अतिथियों का मन मोह लिया ,झांझरा क्षेत्र में मजदूर दिवस महाप्रबंधक आर सी महापात्रा की उपस्तिथि में कोल इंडिया का ध्वजा फहराने के बाद शुरु हुआ,

महाप्रबंधक समेत क्षेत्र के अधिकारियों और मजदूर संगठनों के प्रतिनिधियों ने अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला, क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कर्मियो और अधिकारियों को सम्मानित भी किया.

# आने-जाने वाले लोगों को तरबूज और ठंडा शरबत पिलाया गया

कोलफील्ड मिरर 03 मई (रानीगंज): बीते कुछ समय से पूरे प्रदेश के साथ-साथ रानीगंज में भी भीषण गर्मी पड़ रही है जिससे जरूरी काम से निकलने वाले लोगों को काफी परेशानी हो रही है, इसी के मद्देनजर आज रानीगंज श्री श्याम बाल मण्डल ट्रस्ट की ओर से मंदिर परिसर के पास एन एस बी रोड स्थित आने-जाने वाले लोगों को तरबूज और ठंडा शरबत पिलाया गया। इस मौके पर रानीगंज श्री श्याम बाल मण्डल के अध्यक्ष बिमल सराफ, सचिव पवन केजरीवाल, बिष्णु सराफ, बिनोद बंसल, पप्पू माटोलिया, सवार सिंघानिया, और भी तमाम श्याम भक्तगण मौजूद थे। इस बारे में रानीगंज सेवा समिति के सचिव पवन केजरीवाल ने बताया कि इस प्रचंड गर्मी के मद्देनजर आज रानीगंज सेवा समिति की तरफ से राहगीरों को तारबूज ओर ठंडा शरबत पीलाने का काम किया गया। क्योंकि उनका मानना है कि मानव सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है उन्होंने बताया कि हर एकादशी पर मंदिर में श्याम बाबा का कीर्तन होता है। आज का कार्यक्रम में काफी उत्साह के साथ महिलाएं छोटे-छोटे बच्चों ने हिस्सा लेकर सेवा किया गया। विभिन्न सामाजिक कार्यक्रम किए जाएंगे उन्होंने कहा कि उनकी संस्था के एक ही उद्देश्य है श्याम बाबा की कृपा से लोगों की सेवा करना।

# तृणमूल कांग्रेस की ओर से राहगीरों को ठंडा शरबत पिलाया गया



कोलफील्ड मिरर 03 मई (रानीगंज): कुछ समय से पूरे प्रदेश के साथ-साथ रानीगंज में भी भीषण गर्मी पड़ रही है. जिससे जरूरी काम से निकलने वाले लोगों को काफी परेशानी हो रही है. इसी के मद्देनजर रानीगंज तृणमूल कांग्रेस की ओर से गुरुवार को रानीगंज नेता जी मूर्ति के सामने बाजार में आने वाले लोगों को ठंडा शरबत पिलाया गया। कार्यक्रम संतोष सिंह और गौतम सिंह के नेतृत्व में किया गया। इस मौके पर संतोष सिंह ने कहा कि इन दिनों में इलाके में काफ़ी गर्मी पड़ने से लोगों को काफी परेशानी सामना करना पड़ रहा है। जो भी राहागिरों बाजार में किसी भी जरूरी काम के लिए आते हैं। इस गर्मी से राहत दिलाने के लिए तृणमूल कांग्रेस की ओर से आज राहागिरों को ठंडा शरबत पीलाने का इंतजाम किया गया। आज प्राय 4000 लोगों को शरबत पिलाया गया।

# मां शीतला मंदिर में पूजा- अर्चना के साथ भक्तो ने की दंडवत



कोलफील्ड मिरर 03 मई (नियामतपुर): आसनसोल नगर निगम अंर्तगत वार्ड संख्या 59 स्थित दिशा जन कल्याण केन्द्र में स्थित मां शीतला मंदिर में पूजा के साथ दंडवत किया गया, जिसमें हजारों की तादाद में श्रद्धालु पूजा अर्चना के साथ साथ दंडवत किए। सैकड़ों वर्षों से लोग यहां मां शीतला की पूजा अर्चना करते आ रहे हैं और स्थानीय लोगों की यह मान्यता है की मां शीतला की पूजा एवं दंडवत कर के जो भी मनोकामनाएं मांगी जाती है वह मां के आशीर्वाद से पूरी हो जाती है।

पूजा अर्चना कर रहे श्रद्धालुओं ने बताया के मां शीतला की पूजा अर्चना के 3 दिन पहले से हमलोग शाकाहारी भोजन ग्रहण करते हैं और जिस दिन मां शीतला की पूजा की जाती है, रात्रि 12:00 बजे से सुबह तक किसी के भी घरों में चूल्हा नहीं जलाया जाता।

तालाब में स्नान करके दंडवत करते हुए पुनः मां शीतला मंदिर में पूजा अर्चना के बाद ही मां के भोग से उपवास तोड़कर सभी घरों में भोजन बनाया जाता है, मां से जो भी मनोकामनाएं मांगी जाती है वह पूरी हो जाती है।

# समाजसेवी रामावतार बाजोरिया की स्मृति में प्याऊ लगाया गया




कोलफील्ड मिरर 03 मई (रानीगंज): पर्यावरण प्रेमी संस्था फ्रेंड्स क्लब के तत्वाधान में स्कूल मोड में प्याऊ लगाया गया। इस मौके पर समाजसेवी पवन बाजोरिया ने कहा कि उनके पिता स्वर्गीय राम अवतार बाजोरिया जी की स्मृति में प्याऊ लगाया गया है, उनके पापा अपने जिंदगी में जरूरतमंद लोगों की मदद करते रहें एवं अपने पुत्रों को भी समाज सेवा के क्षेत्र में चलने का संकल्प करवाया इसलिए पिता की प्रेरणा से निरंतर समाज सेवा के काम से जुड़ा हुआ हूं।

संस्था के अध्यक्ष महेंद्र बगड़िया ने कहा कि गर्मी के तेज मौसम में राहगीरों को ठंडा पानी पीने का उपलब्ध करवाया जा रहा है पिछले कई वर्षों से गर्मियों के मौसम में वाटर हट का आयोजन हम लोग करते हैं। सचिव मुकेश बरनवाल ने कहा कि लोगों की सेवा करना कि हम लोग का मुख्य उद्देश्य है।

राकेश झुनझुनवाला ने कहा कि वर्षा कल के मौसम में व्यापक मात्रा में पौधारोपण करने का लक्ष्य रखा गया है सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि हमारे संस्था के सभी सदस्य पौधारोपण के साथ-साथ निरंतर पौधे की देखभाल भी करते हैं जब तक पौधा पेड़ का स्वरूप ना बन जाए, इसका प्रमाण यह है कि विगत 20 वर्ष पहले से जहां हम लोगों ने पौधारोपण किया था, आज वह पौधा पेड़ का स्वरूप बन चुका है इसके लिए आम नागरिकों का भी सहयोग रहा है।

पूर्व अध्यक्ष अरुण भारतीया ने कहा कि समाज सेवा का काम करना ही हम लोगों का मुख्य उद्देश्य है।

# आज का राशिफल



03 मई 2024
शुक्रवार



ज्योतिष सम्राट
श्री एस के पांडेय
9474017999

कोलफील्ड मिरर

## मेष
दिन बढ़िया रहने वाला है। बिजनेस में आपको लाभ के अकसर मिलेंगे। बेरोजगार को रोजगार पाने का सुनहरा अवसर मिलेगा। कुछ अनुभवी लोगों से सलाह ले सकते हैं। संपर्कों में वृद्धि होगी।

## वृषभ
दिन बेहतरीन रहेगा। सभी के साथ आपका अच्छा तालमेल बना रहेगा। आर्थिक स्थिति में मजबूती आएगी। मेहनत का सुखद परिणाम मिलेगा। जीवनसाथी के साथ रिश्तों में मधुरता रहेगी।

## मिथुन
दिन उत्साह भरा रहेगा। प्रिय ए साथ कहीं घूमने का प्लान बनायेंगे। किसी काम में आ रही रुकावटों का समाधान मिलेगा। अपना ध्यान भटकने से बचाना चाहिए। दाम्पत्य जीवन खुशहाल रहेगा।

## कर्क
दिन सामान्य रहने वाला है। कोई बड़ा फैसला लेने से बचना चाहिए। अपने काम के प्रति सकारात्मक रवैया अपनाने की जरूरत है। अटके हुए काम पूरे हो जायेंगे। पारिवारिक जीवन सुखद रहेगा।

## सिंह
दिन खुशहाल रहेगा। कार्यस्थल पर सबके साथ तालमेल बेहतर बना रहेगा। आर्थिक रूप से भाई का सहयोग मिलेगा। सेहत के मामले में अच्छा महसूस होगा। लवमेटस के रिश्तों में मजबूती आएगी।

## कन्या
दिन लाभदायक रहेगा। आर्थिक योजनाओं के लिए लिया गया फैसला लाभकारी सिद्ध होगा। मन में भक्ति भाव बना रहेगा। किसी अनुभवी की मदद से आपका काम बनेगा। कहीं घूमने जायेंगे।

## तुला
दिन बढ़िया रहेगा। दाम्पत्य जीवन में चल रही अनबन खत्म होगी। बिजनेस की गति बढ़ाने के लिए अनुभवी व्यक्ति से सलाह लेंगे। काम पूरा होने में थोड़ा ज्यादा समय लगेगा। लेन-देन से बचे।

## वृश्चिक
दिन बेहतर रहेगा। कुछ लोगों से आपको उम्मीद से अधिक फायदा होगा। थोड़ी मेहनत से धन लाभ का अवसर प्राप्त होगा। दाम्पत्य जीवन सुखद बना रहेगा। कार्य पूरा करने में सफल रहेंगे।

## धनु
दिन फेवरेबल है। करियर के मामले में आपको कोई बड़ी सफलता मिलेगी। कार्यक्षेत्र में धन लाभ के अवसर मिलेंगे। बिजनेस में बेहतर अपॉर्चुनिटीज मिलेगी। परिवार में खुशी का माहौल रहेगा।

## मकर
दिन हर्षो-उल्लास से भरा रहेगा। अधिक सफलता पाने के लिए अपने प्रयासों को जारी रखेंगे। कुछ खास लोगों से निकटता बनी रहेगी। प्रॉपर्टी डीलिंग में फायदा होगा। सेहत एकदम फिट रहेगा।

## कुंभ
दिन कुछ खास रहेगा। घर का वातावरण खुशनुमा बना रहेगा। कुछ जरूरी काम पूरे हो जायेंगे। धन लाभ के योग बन रहे हैं। दाम्पत्य जीवन खुशहाल रहेगा। सुख-साधनों में वृद्धि होगी।

## मीन
दिन ठीक-ठाक रहेगा। अपना ध्यान किसी रचनात्मक कार्य में लगायेंगे। बिजनेस संबंधी किसी काम में दोस्त की मदद लेनी पड़ेगी। ध्यान पूर्वक काम करे। दाम्पत्य जीवन में मिठास बना रहेगा।

# एक आरोपित ने दूसरे आरोपित के प्रचार का जिम्मा संभाल रखा है



कोलफील्ड मिरर 03 मई (धनबाद): धनबाद से भाजपा के लोकसभा उम्मीदवार ढुल्लू महतो के साथ सफेद कुर्ते पायजामे में व्यक्ति का नाम रितेश शर्मा है। इनको बालू और दारू मामले में अलग-अलग ईडी ने आरोपित बनाया है। ढुल्लू महतो भी आरोपित हैं। एक आरोपित ने दूसरे आरोपित के प्रचार का जिम्मा संभाल रखा है।

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 05/06/2023 को हजारीबाग और धनबाद में एक साथ कई ठिकानों पर छापेमारी की थी। यह छापेमारी बिहार के औरंगाबाद में हुए अवैध बालू खनन से संबंधित थी। हजारीबाग में ईडी ने जहां संजय सिंह के ठिकाने पर छापा मारा, वहीं धनबाद में एकसाथ छह जगहों पर भी रेड मारी। जिन छह जगहों पर छापेमारी की गई है उनमें सदर थाना क्षेत्र के पॉलिटेक्निक रोड स्थित कारोबारी जय नारायण सिंह उर्फ जगन सिंह का आवास। दूसरा, सदर थाना क्षेत्र में ही चंचनी कॉलोनी में अशोक जिंदल का आवास और तीसरा सिंदरी स्थित सुरेंद्र जिंदल का आवास।

इसके अलावे पुंज सिंह, टीपी सिंह, मनोज सिंह और अलौकिक इंफ्रा प्रोजेक्ट लिमिटेड के रितेश शर्मा के ठिकानों पर भी ईडी ने छापेमारी की है, धनबाद के करोबारी रितेश कुमार शर्मा के कई दस्तावेज, जमीन और फ्लैट से जुड़े डीड मिले हैं। जिसमें बालू के कारोबार से जुड़ी है।

# स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव संपन्न कराने के लिए प्रशासन ने की है सुदृढ़ व्यवस्था- उपायुक्त




कोलफील्ड मिरर 03 मई (धनबाद): लोकसभा चुनाव के सफल तथा त्रुटि रहित क्रियान्वयन के लिए जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में न्यू टाउन हॉल में बोकारो, चंदनकियारी, सिंदरी, निरसा, धनबाद, झरिया, बाघमारा व टुंडी के सेक्टर मजिस्ट्रेट व पुलिस पदाधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया।

इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि लोकसभा चुनाव को स्वतंत्र एवं निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने मुकम्मल तैयारी और सुदृढ़ व्यवस्था की है।

उन्होंने कहा कि बोकारो एवं चंदनकियारी में चुनाव संपन्न होने के बाद मतदान पदाधिकारियों को ईवीएम के साथ सीधे कृषि बाजार समिति में बने स्ट्रांग रूम आना है। बोकारो और चंदनकियारी के एआरओ बाजार समिति का भ्रमण कर बोकारो व चंदनकियारी के लिए चिह्नित हॉल का निरीक्षण करे। ईवीएम व चुनाव सामग्री लेकर निर्धारित रूट व निर्धारित वाहन से, रास्ते में बिना रुके, बाजार समिति पहुंचे।

इस दौरान सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं सेक्टर पुलिस पदाधिकारी पोलिंग पार्टी के साथ रहेंगे। महिला एवं दिव्यांग बूथ के कर्मियों को प्राथमिकता देकर चुनाव सामग्री जमा कराई जाएगी।

न्यू टाउन हॉल में सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं सेक्टर पुलिस पदाधिकारियों को प्रीसाइडिंग ऑफिसर की डायरी, फॉर्म 17 ए, 17 डी, ईवीएम पर हैंड्स ऑन, ईवीएम कमिश्निंग, ईवीएम एरर का निराकरण, मतदान प्रक्रिया पूरी होने के बाद बैलेट यूनिट में क्लोज बटन अनिवार्य रूप से दबाने सहित अन्य विषय पर प्रशिक्षण दिया गया।

इस अवसर पर वरीय पुलिस अधीक्षक हृदीप पी जनार्दनन ने कहा कि सेक्टर पुलिस पदाधिकारी पोलिंग पार्टी के साथ ही रहेंगे और अपने जिम्मेदारी का पालन करेंगे। उन्होंने सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं सेक्टर पुलिस पदाधिकारी को इंटरमीडिएट स्ट्रांग रूम, मतदान केंद्र से स्ट्रांग रूम पहुंचने के लिए रूट की जानकारी रखने, वैकल्पिक रूट की खोज रखने तथा एक बार ट्रायल रन करने का निर्देश दिया। वहीं डीसीएलआर सह प्रशिक्षण कोषांग के नोडल पदाधिकारी श्री संतोष गुप्ता ने सभी से अपने दायित्व का निर्वाहन कर, संवैधानिक जिम्मेदारी का पालन करते हुए सुचारू रूप से निर्वाचन प्रक्रिया संपन्न कराने का आह्वान किया।

मौके पर उपायुक्त माधवी मिश्रा, वरीय पुलिस अधीक्षक हृदीप पी जनार्दनन, डीसीएलआर संतोष गुप्ता, बोकारो के एआरओ ओम प्रकाश गुप्ता, चंदनकियारी के एआरओ प्रभात दत्ता, मुख्य प्रशिक्षक दिलीप कुमार कर्ण, संजय कुमार, राज कुमार वर्मा, कुमार वंदन, पुष्कर झा, कुलदीप सहित बोकारो, चंदनकियारी, सिंदरी, निरसा, धनबाद, झरिया, बाघमारा व टुंडी के एआरओ, एईआरओ, सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं सेक्टर पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे।

# कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा के नामांकन के बाद गोल्फ ग्राउंड में हुई सभा



कोलफील्ड मिरर 03 मई (धनबाद): धनबाद लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह ने बुधवार को अपना नामांकन पर्चा दाखिल की नामांकन के दौरान अनुपमा सिंह के साथ अनूप सिंह और पूर्णिमा नीरज सिंह मौजूद रहे। नामांकन के बाद रोड शो का आयोजन किया गया। अनुपमा सिंह अपने समर्थकों के साथ मेमको मोड़ से गोल्फ ग्राउंड तक रोड शो किया। रोड शो के बाद एक जनसभा को सम्बोधित किया।

INDIA महागठबंधन की ओर से आयोजित सभा में झारखंड के मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन, विधायक दल के नेता आलम गिर आलम, सत्यानंद भोक्ता, प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, महुआ माजी मुख्य रूप से पंहुचे थे। सभी ने देश में लोकतंत्र बचाने के लिए कांग्रेस से धनबाद लोकसभा प्रत्याशी अनुपमा सिंह को जीताने की बात कहा। इससे पहले मुख्यमंत्री चंपई सोरेन का मंच पर माला पहनाकर अभिनंदन किया गया।

इस दौरान झारखंड के मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि यदि लोकतंत्र और संविधान को बचाना है तो महागठबंधन को जितना ही पड़ेगा, कहा कि पिछले 10 वर्षों में केंद्र की सरकार ने सिर्फ झूठे वादे किए, आज देश मे बेरोजगारी और महंगाई चरम पर है, जनता अब बदलाव चाहती। लोग एनडीए और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के झूठे वादों से ऊब चुकी है।

एनडीए गठबंधन को तो अब वोट मांगने का कोई अधिकार नहीं है। उन्होंने कहा कि यह सरकार लोकतंत्र की हत्या कर रही है। अपने विरोधियों को झूठे आरोप में जेल में डालने का काम कर रही है। इसलिए अब इस ताना शाह सरकार को उखाड़ फेंकने के समय आ गया है।

वही कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह सभा को सम्बोधित करते हुए कही की धनबाद की 10 साल में धनबाद कोई काम नहीं हुआ, इसलिए धनबाद के विकाश के लिए, ढुल्लू महतो के नाम लिए बगैर कहा की अच्छे छवि के प्रत्याशी को वोट दीजिए और यहा विकास देखिये।

मौके पर विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह, मथुरा प्रसाद महतो, विधायक अनूप सिंह मौजूद थे।

बता दें कि धनबाद लोकसभा से कांग्रेस प्रत्याशी के तौर पर अनुपमा सिंह के नाम की घोषणा के बाद पार्टी के अंदर विरोध के स्वर सुनाई देने लगे थे। धनबाद लोकसभा चुनाव में अनुपमा सिंह के सामने भाजपा के ढुल्लू महतो की चुनौती है।

# निरसा विधानसभा क्षेत्र के वल्नरेबल बूथ एवं राजकीय पॉलिटेक्निक निरसा स्थित स्ट्रांग रूम का निरीक्षण



कोलफील्ड मिरर 03 मई (धनबाद): जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा एवं वरीय पुलिस अधीक्षक श्री एच पी जनार्दनन ने आज निरसा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत वल्नरेबल बूथ एवं राजकीय पॉलिटेक्निक निरसा स्थित स्ट्रांग रूम सह डिस्पैच सेंटर का संयुक्त रूप से निरीक्षण किया।

इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी एवं वरीय पुलिस अधीक्षक ने निरसा विधानसभा क्षेत्र के मदनपुर स्थित मध्य विद्यालय बूथ नंबर 222 एवं बैदपुर स्थित बूथ नंबर उर्दू प्राथमिक विद्यालय बूथ नंबर 38 का निरीक्षण कर एएमएफ की व्यवस्था का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने जिन-जिन बूथ में एएमएफ की व्यवस्था में कमी नजर आई वैसे बूथों के पदाधिकारी को ससमय पीने योग्य पानी, शौचालय, बिजली, रैंप, शेड आदि की व्यवस्था हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। साथ ही राजकीय पॉलिटेक्निक निरसा स्थित स्ट्रांग रूम सह डिस्पैच सेंटर का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी ली एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान वल्नरेबल बूथ के मतदाताओं से वार्ता की और कहा कि लोगों को अधिक से अधिक मतदान के लिए प्रेरित करें तभी लोकतंत्र मजबूत होगा। निर्भीक होकर मतदान करें, किसी के बहकावे में न आएं। जिला प्रशासन एवं पुलिस आप सभी के साथ हैं, इसलिए बिना किसी डर, दबाव, प्रलोभन के अपने मत का प्रयोग करें।

मौके पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी माधवी मिश्रा, वरीय पुलिस अधीक्षक, निरसा प्रखंड विकास पदाधिकारी इंद्रलाल ओहदार,निरसा एसडीपीओ रजत माणिक बाखला, एमपीएल ओपी प्रभारी जोगिंदर प्रसाद, समेत बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाइजर मौजूद रहे।

## अवर न्यायाधीश राकेश रौशन ने लिया डालसा सचिव का प्रभार

कोलफील्ड मिरर 03 मई (धनबाद): धनबाद के अवर न्यायाधीश राकेश रोशन ने एक मई को जिला विधिक सेवा प्राधिकार डालसा सचिव का पदभार अवर न्यायाधीश निताशा बारला से ग्रहण किया। झारखंड उच्च न्यायालय के आदेश पर न्यायाधीश निताशा बरला ने सिविल जज सिनियर डिवीजन का पदभार ग्रहण किया। इस मौके पर लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम कार्यालय धनबाद में डालसा सचिव राकेश रोशन का गुलदस्ता देकर स्वागत किया गया। वहीं निताशा बारला को गुलदस्ता देकर विदाई दी गई। इस मौके पर एलएडीसीएस चीफ कुमार विमलेंदु, डिप्टी चीफ अजय कुमार भट्ट, सहायक सुमन पाठक, स्वाति कुमारी, मुस्कान समेत अन्य लोगों उपस्थित थे। जिन्होंने दोनों न्यायिक पदाधिकारी के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामना दी।

## जन आशीर्वाद यात्रा पर निकले एनडीए प्रत्याशी धुल्लु महतो

कोलफील्ड मिरर 03 मई (धनबाद): झरिया, जन आशीर्वाद यात्रा पर निकले धनबाद लोकसभा एनडीए प्रत्याशी धुल्लु महतो झरिया विधानसभा अंतर्गत डिगवाडीह जेयलगोरा नेहरू स्टेडियम में आयोजित 32वां वार्षिक मानस महाधिवेशन में शामिल होकर पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया। मौके पर आयोजन समिति के सदस्यों ने अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया और अपना जनसमर्थन देते हुए ऐतिहासिक जीत का आशीर्वाद दिया। मौके पर भाजपा की वरीय नेत्री श्रीमती रागिनी सिंह, योगेन्द्र यादव उपस्थित रहे।

## 3 उम्मीदवारों ने किया लोकसभा चुनाव के लिए नामांकन

कोलफील्ड मिरर 03 मई (धनबाद): लोकसभा चुनाव के लिए जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा के समक्ष आज 3 उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किया। आज निर्दलीय उम्मीदवार जनक शाह, उमेश पासवान तथा अखिल भारत हिन्दू महासभा के संजय कुमार गिरी ने नामांकन पत्र दाखिल किया। मौके पर उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा, अपर समाहर्ता विनोद कुमार, निदेशक डीआरडीए राजीव रंजन, जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रदीप कुमार शुक्ला व अन्य लोग मौजूद थे।

# सीबीआई ने सीबीएच ग्रुप के अभिकर्ता को घुस लेते रंगेहाथ पकड़ा

कोलफील्ड मिरर 03 मई (धनबाद): ईसीएल मुगमा क्षेत्र के सीबीएच ग्रुप के अभिकर्ता रामप्रकाश पांडे को बुधवार की देर शाम को को सीबीआई धनबाद की टीम ने कुमारधुबी कोलियरी के पुराना रेलवे साइडिंग के समीप रंगेहाथ घुस लेते दबोच लिया।

ऐसा क्षेत्र में चर्चा है। इन दिनों अभिकर्ता पांडे कुमारधुबी कोलियरी के आवासीय परिसर में रहते है। बुधवार की देर शाम सीबीआई की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर कुमारधुबी कोलियरी के पुराना रेलवे साइडिंग के समीप पकड़ा। वहीं घटनास्थल पर सीबीआई की टीम तीन कार पर सवार होकर आए थे। जिस समय यह घटना हुई। उस समय उस रास्ते से गुजरने वाले लोगों को सीबीआई के अधिकारी किसी भी व्यक्ति को रूकने नहीं दे रहे थे। उसके बाद सीबीआई की टीम ने अभिकर्ता पांडे को बड़मुड़ी कार्यालय लेकर आए।

साथ ही सीबीआई के कुछ अधिकारी अभिकर्ता पांडे के आवास में देर रात तक तलाशी ली। वहीं कुछ अधिकारी पांडे को अपने साथ लेकर चले गए। अधिकारी किसी को कुछ बताने को तैयार नहीं थे। इसलिए इस संबंध में विस्तृत जानकारी नहीं मिल पा रही है। क्षेत्र में ऐसा चर्चा है कि हरियाजाम कोलियरी में कार्यरत कर्मी की शिकायत पर सीबीआई ने यह कार्रवाई की।

# देव प्रभा आउटसोर्सिंग के मनमानी के खिलाफ सुरंगा रैयत विस्थापित मोर्चा का हल्ला बोल



कोलफील्ड मिरर 03 मई (धनबाद): देव प्रभा आउटसोर्सिंग के मनमानी के खिलाफ सुरंगा रैयत विस्थापित मोर्चा ने आज हल्ला बोला, ग्रामीणों का कहना है कि पिछले 2 महीने से ओबी डंप बंद था, लेकिन बुधवार से फिर से यह चालू हो गया है।

पिछले 1 साल से ग्रामीण अपनी हक की लड़ाई के लिए लड़ रहे हैं बीसीसीएल प्रबंधन से वार्ता भी हुई, उन्होंने आश्वासन दिया कि अब ओबी डंप नहीं करने दिया जाएगा। ग्रामीण एसपी ने भी आश्वासन दिया, जांचों उपरांत कार्रवाई की जाएगी, लेकिन उसके आश्वासन के बावजूद आउट सोर्सिंग के गुंडे ने जबरन फिर से ओबी डंप शुरू कर रहे हैं। बलियापुर के पूर्व सीईओ रामप्रवेश कुमार ने भी जांच करने के बाद आउटसोर्सिंग के खिलाफ मुकदमा किया था। रैयत विस्थापित मोर्चा का नेतृत्व कर रहे हैं पांडव रजक ने कहा कि यह जमीन रैयत की है, यहा पूरी तरह से तानाशाही की जा रही है ग्रामीण को दबाने का प्रयत्न किया जा रहा है जिसे हम किसी भी कीमत पर होने नहीं देंगे, जब तक ग्रामीणों का हक नहीं मिल जाता है तब तक यहां पर काम होने नहीं दिया जाएगा। वहीं पूर्व मुखिया प्रतिनिधि कपूर चंद्र गोराई ने कहा ग्रामीण एसपी ने आश्वासन दिया था की जांचों उपरांत कार्रवाई की जाएगी लेकिन उनकी बातों को भी नहीं माना जा रहा है और जबरन ओबी डंप किया जा रहा है, कुछ स्थानीय ग्रामीण की मिली भगत भी इसमें देखी जा सकती है लेकिन हम लोग इसका पुरजोर विरोध करेंगे और आगे लड़ाई लड़ी जाएगी। ग्रामीणों में पांडव रजक, कपूर चंद गोराई, वीरेंद्र रजक, जादू महतो, अजय रजक, संजय कुंभकार, आलोचना देवी, करुणा देवी, पूर्णिमा देवी बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# जयरामपुर मोड़ स्थित बीसीकेयू कार्यालय मे विदाई समारोह का आयोजन



कोलफील्ड मिरर 03 मई (धनबाद): झरिया, तिसरा, केओसीपी मे फोरमैन के पद पर कार्यरत बनवारी शर्मा और गोलकडीह वर्कशॉप में जनरल मजदूर के पद पर कार्यरत अन्नपूर्णा भट्टाचार्य के सेवानिवृत होने पर जयरामपुर मोड़ स्थित बीसीकेयू कार्यालय मे विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान काफी संख्या में सहकर्मी शामिल थे, सकर्मियों द्वारा उन्हें बैग, कपड़ा, घड़ी, मोमेंटो आदि देकर दोनों कर्मियों को सम्मानित किया गया।

समारोह को संबोधित करते हुए बीसीकेयू नेता तुलसी रवानी ने कहा कि बनवारी शर्मा काम के प्रति हमेशा गंभीर रहते थे, कंपनी का काम को ईमानदारी, मेहनत और लगन से किया, यही कारण है कि उनकी कमी आज खल रही है, जहां तक महिला कर्मी अन्नपूर्णा भट्टाचार्य की बात है, वर्कशॉप में एक महिला होते हुए भी पुरुषों के साथ कंधा से कंधा मिलाकर काम किया और कंपनी को आगे बढ़ाने में अपनी अहम भूमिका अदा की। जो तारीफ के काबिल है, उनके सेवानिवृत होने पर वर्कशॉप के लोगों में मायूसी देखी गई, इससे स्पष्ट होता है कि वर्कशॉप में उक्त महिला की भूमिका अहम थी। विदाई समारोह में मुख्य रूप से बिंदा पासवान, तुलसी रवानी, बबलू विश्वकर्मा, तेजेंद्र वर्मा, सपन महथा, परमेश्वर मरांडी, आशीष कुमार घोष, शंकर सिंह, छेदीलाल यादव, अलाउद्दीन अंसारी, बिरजू निषाद आदि शामिल थे।

## ब्राह्मण समाज ने भाजपा प्रत्याशी को दिया विजय भव का आशीर्वाद



कोलफील्ड मिरर 03 मई (धनबाद): ब्राह्मण समाज ने सर्वसम्मति से यह घोषणा की है कि आगामी लोकसभा चुनाव 2024 में भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो को अपना भरपूर समर्थन देकर उन्हें विजय दिलाएंगे। गुरुवार को ब्राह्मण समाज की एक टोली चीटाही ग्राम पहुंचकर भाजपा प्रत्याशी को पुष्पगुच्छ देकर तथा वैदिक रीति रिवाज से मंगलाचरण स्वस्तिवाचन के जरिए उनका स्वागत किया। मौके पर सैकड़ो ब्राह्मणों ने एक स्वर में ध्वनि मत से ढुल्लू महतो के समर्थन में विजय भव की आवाज बुलंद की। मौके पर अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज के प्रदेश महासचिव जिला प्रभारी सुरेश चंद तिवारी, भगवत प्रसाद पांडेय, प्रमोद कुमार दुबे, दीनानाथ दुबे, बोकारो से मृणाल चौबे, बीसीसीएल के एरिया इंजीनियर हृदय कुमार मिश्रा, सुमन पांडेय, अनिल उपाध्याय, मनोज कुमार दुबे, मनोहर पांडेय, सुमन पांडेय, अनिल उपाध्याय, शक्ति पाठक, यूसी पांडेय, मिथिलेश कुमार तिवारी, राजेश तिवारी, वासुदेव मुखर्जी, अमित चौबे, विकास चौबे, मुरली कृष्णा तिवारी, सुशील तिवारी, राहुल तिवारी, सुनील चक्रवर्ती, सुरेश चक्रवर्ती तथा मधुसूदन चक्रवर्ती आदि प्रमुख रूप से शामिल थें।

# स्वर्गीय सूर्य देव सिंह की पौत्री शताक्षी सिंह का जन्मदिन मनाया गया



कोलफील्ड मिरर 03 मई (धनबाद): झरिया बीते कल मजदूर दिवस के अवसर पर झरिया बिहार बिल्डिंग कार्यालय में मजदूर मसीहा स्वर्गीय सूर्य देव सिंह की पौत्री एवं पूर्व विधायक संजीव सिंह की ज्येष्ठ सुपुत्री शताक्षी सिंह का जन्मदिन मनाया गया, जहा सैकड़ों की संख्या में मजदूर भाईयो ने केक काटकर उन्हे अपनी शुभकामनाएं एवं आशीर्वाद दिया। वही इस अवसर पर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य श्रीमती रागिनी सिंह ने सभी मजदूर भाईयो को आंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया एवं उन्हे मजदूर दिवस की ढेर सारी शुभकामनाएं दी वही इस मौके पर बस्तकोला क्षेत्रीय सचिव (असंगठित) उपेन्द्र सिंह के नेतृत्व में सैकड़ों मजदूर भाई बहनों ने श्रीमती रागिनी सिंह में आस्था व्यक्त कर जनता श्रमिक संघ की सदस्यता ग्रहण की वही श्रीमती सिंह ने सभी मजदूर भाईयो को अंगवस्त्र भेंट कर संगठन में स्वागत किया। वही शामिल होने वाले मजदूरों में मुख्य रूप से बासुदेव हरिजन रंजीत चौहान जितेंद्र चौहान विक्की निषाद सिकंदर रजक राजेंद्र परमार ब्रह्मदेव यादव आकाश बाउरी मुश्ताक आलम मुन्ना गौर मदन बाउरी गोपाल बाउरी महेश भुइया आदि मजदूर भाई मौजूद रहे। मौके पर मजदूर भाईयो को संबोधित करते हुए रागिनी सिंह ने कहा कि आज मजदूर भाईयो के हक का दिन है और इसी दिन मजदूर भाईयो को 12 घंटे के बजाए 8 घंटे काम करने की स्वतंत्रता मिली।

लेकिन आज भी मजदूर भाईयो से मई दिवस पर छुट्टी होने के बाद भी काम कराया जा रहा है वही प्रबंधन द्वारा उनका शोषण कर 8 घंटे की बजाए 12 घंटे काम कराया जा रहा है जो कि अनैतिक है और जनता श्रमिक संघ इसका घोर विरोध करती है साथ ही जल्द ही इन सभी मुद्दों को लेकर जनता श्रमिक संघ मजदूर भाईयो के हक की लड़ाई को लेकर प्रबंधन को घेरने का काम करेगी साथ ही मजदूर भाईयो को हक दिलाने का प्रयास करेगी। इस दौरान मुख्य रूप से संतोष सिंह झरिया नगर अध्यक्ष अरुण साव, अखिलेश सिंह, शैलेश सिंह चंद्रवंशी, दिलीप भारती, स्वरूप भट्टाचार्य, सेलो पासवान, महंत पांडेय, अमर सिंह, राज किशोर जैना, अभिषेक पाण्डेय, संतोष शर्मा, राजा राम पासवान आदि मौजूद थे।

# ढुल्लू महतो भाटडीह में आयोजित कलश यात्रा में हुए शामिल



कोलफील्ड मिरर 03 मई (धनबाद): झरिया विधानसभा अंतर्गत पाथरडीह भाटडीह में आयोजित श्री श्री 108 हनुमत महायज्ञ के कलश शोभा यात्रा में बतौर मुख्य अतिथि धनबाद लोकसभा एनडीए प्रत्याशी ढुल्लू महतो शामिल हुए, जहां महायज्ञ समिति के सदस्यों ने अंगवस्त्र भेंट कर उन्हें सम्मानित किया। हजारों की संख्या में मातृ शक्ति अपने माथे पर कलश लेकर नदी पहुंचे जहां यज्ञाचार्य जी के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ कलश में जलभरन संपन्न कराया गया पुनः कलश लेकर यज्ञ स्थल पहुंचे जहां पंचांग पूजन के साथ महायज्ञ शुभारंभ हुआ। इस कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए भावी सांसद ढुल्लू महतो ने कहा कि हर साल अलग अलग ऋतुओं में महायज्ञ का अलग अलग फल प्राप्त होता है, वसंत ऋतु में यज्ञ पुत्र रत्न की प्राप्ति होती है, ग्रीष्म ऋतु में संपत्ति, वर्षा ऋतु में महान सुख, शरद ऋतु में धन वृद्धि, हेमंत ऋतु में समस्त वस्तुओ की प्राप्ति तथा शिशिर ऋतु में मोक्ष की प्राप्ति होती है, यज्ञ के हवन कुंड से निकले ऊर्जा से पूरे क्षेत्र के पर्यावरण में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है साथ ही नकारात्मक ऊर्जा का नाश होता है समाज में आपसी सद्भाव एवं सौहार्द बढ़ता है।

# भाजपा प्रत्याशी एस एस अहलूवालिया की रोड शो को ले जितेंद्र तिवारी ने कार्यकर्ताओ संग की बैठक



कोलफील्ड मिरर 03 मई (पांडवेश्वर): भाजपा नेता जितेंद्र तिवारी ने संध्या समय डालूरबांध पांडवेश्वर स्तिथ निर्माणाधीन भाजपा कार्यालय में भाजपा कर्मियो के साथ बैठक किया और तीन मई को भाजपा प्रत्यासी एस एस अहलूवालिया की होने वाली रोड शो को लेकर मंथन किया, बैठक में भाजपा राज्य कमेटी सदस्य जितेंद्र तिवारी ने साफ शब्दों में कहा की आसनसोल लोकसभा की सीट भाजपा की सीट है और उपचुनाव में जिस तरह से तृणमूल कांग्रेस ने गुंडागर्दी करके इस सीट को हथिया लिया, उसका जवाब हमलोगो को वोट देकर लेना है और मोदी जी को सीट सौपना है, भाजपा नेता ने एस एस अहलूवालिया की रोड शो को ऐतिहासिक बनाने के लिए सभी भाजपा कर्मियो को एकजुट होकर कार्य करने की बात भी कही, बैठक में मंडल अध्यक्ष के अलावा पुराने भाजपा नेता बाबू मुखर्जी, समेत भारी संख्या में कर्मी उपस्थित थे,

# आदिवासियों के सशक्तिकरण के लिए आईआईटी (आईएसएम) में स्थापित किया सेंटर ऑफ़ एक्सीलेंस



कोलफील्ड मिरर 03 मई (धनबाद): झारखंड में आदिवासी लोगों के सशक्तिकरण की सुविधा के लिए भारत सरकार के जनजातीय मामलों के मंत्रालय (एमओटीए) के वित्तीय सहयोग से आईआईटी (आईएसएम) धनबाद में एक उत्कृष्टता केंद्र (सेंटर ऑफ़ एक्सीलेंस) (सीओई) बनाया गया है। प्रबंधन अध्ययन और औद्योगिक इंजीनियरिंग विभाग की सहायक प्रोफेसर प्रोफेसर रश्मि सिंह के नेतृत्व में सीओई, अपने समन्वयक और प्रमुख अन्वेषक के रूप में, झारखंड के आदिवासियों के लिए उनके रोजगार, आय को बढ़ावा देने के लिए उपयुक्त क्षमता निर्माण और कौशल-विकास कार्यक्रम डिजाइन करेगा।आजीविका और आर्थिक कल्याण। केंद्र एक शिक्षा -उद्योग-सरकारी इंटरफ़ेस बनाएगा जो झारखंड में आदिवासी कल्याण को बढ़ावा देगा। केंद्र के निर्माण के पीछे का उद्देश्य आदिवासी समुदायों को देश की सामाजिक मुख्यधारा में शामिल करने के प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के दृष्टिकोण के अनुरूप है। यहां ध्यान देने वाली बात यह है कि हमारे माननीय प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के आदिवासियों के सामाजिक समावेशन की दृष्टि से 15 नवंबर को भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के अवसर पर जन जातीय गौरव दिवस के रूप में घोषित किया गया है।केंद्र प्रशिक्षित आदिवासी छात्रों को रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए झारखंड के विभिन्न उद्योगों जैसे बीसीसीएल, सीसीएल, टाटा स्टील, सेल, एनटीपीसी, जेएसपीएल, अदानी पावर, टाटा पावर आदि के साथ संबंध भी बनाएगा। प्रोफेसर रश्मि सिंह ने कहा केंद्र के तहत पहली परियोजना 'झारखंड में आदिवासियों के लिए बुनियादी और उन्नत स्तर की सूचना प्रौद्योगिकी और कंप्यूटर प्रशिक्षण के लिए क्षमता निर्माण कार्यक्रम' को कुल 1.92 करोड़ की फंडिंग के साथ मंजूरी दी गई है।क्षमता निर्माण कार्यक्रम का पहला चरण झारखंड के एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों में कक्षा 10 से 12 तक के आदिवासी छात्रों के प्रशिक्षण के साथ शुरू होगा और दूसरे चरण में आश्रम स्कूलों और सरकारी स्कूलों के आदिवासी छात्रों को शामिल किया जाएगा। आगे कहा की प्रो. सिंह प्रोफेसर सिंह के नेतृत्व में उत्कृष्टता केंद्र की टीम ने पिछले सप्ताह के दौरान झारखंड के विभिन्न एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों का दौरा किया था, जिसमें 25 अप्रैल को सालागडीह रांची में एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय, काठजोरिया, दुमका में एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय शामिल थे। और 27 अप्रैल को सुंदरपहरी गुडा में एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय। प्रोफेसर सिंह पहले से ही प्रमुख अन्वेषक के रूप में विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग की एक ऐसी ही परियोजना पर काम कर रहे हैं, जिसका शीर्षक है झारखंड राज्य के जामताड़ा जिले में गेम थ्योरेटिक और ऑपरेशंस रिसर्च तकनीकों का उपयोग करके अनुसूचित जनजाति समुदायों के आर्थिक कल्याण में सुधार करना।

# झारखंड की सभी लोकसभा सीटों के लिए राष्ट्रीवादी कांग्रेस ने प्रभारी नियुक्त किया




कोलफील्ड मिरर 03 मई (धनबाद): पांडवेश्वर/ राष्ट्रीवादी काग्रेस पार्टी अजीत गुट की ओर से झारखंड राज्य की सभी चौदह लोकसभा सीटों पर एनडीए प्रत्यासियों के पक्ष में कार्य करने और प्रचार प्रसार में साथ रहने के लिए चौदह प्रभारियों और सह प्रभारियो का सूची जारी किया गया है,

झारखंड के राष्ट्रीवादी काग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष सह विधायक कमलेश कुमार सिंह ने सूची जारी किया है, धनबाद लोकसभा में एनडीए प्रत्यासी ढुलू महतो के पक्ष में कार्य करने के लिए प्रभारी के रूप में जिला अध्यक्ष उमेश गोस्वामी को और सह प्रभारी के रूप में जसबीर को दायित्व सौंपा है, प्रभारी का पद मिलने पर उमेश गोस्वामी ने प्रदेश अध्यक्ष के प्रति आस्था जताते हुए कहा की धनबाद लोकसभा से एनडीए प्रत्यासी भाजपा के ढुलू महतो के समर्थन में सभी एनसीपी पार्टी के नेता और कर्मी पूरी ताकत के साथ भारी मतों से जीत दिलाने के लिए कार्य करेगे और मोदी जी को तीसरी बार देश की बागडोर सौंपने के लिए चुनाव में कार्य करेगे.

# गलत खान-पान, चरित्र गिरने की वजह से लोग बारूद के ढेर पर खड़े हैं- सन्त उमाकान्त जी महाराज



**प्रेमियो! लोगों को बचाने के लिए जितना सहयोग, मदद कर सकते हो, करो**

कोलफील्ड मिरर 03 मई (कानपुर/उ.प्र.): इस समय के युगपुरुष, पूरे समरथ सन्त सतगुरु, दुःखहर्ता, उज्जैन वाले बाबा उमाकान्त जी महाराज ने अधिकृत यूट्यूब चैनल जयगुरुदेवयूकेएम पर लाइव प्रसारित संदेश में बताया कि परमार्थी काम यह करो कि इस वक्त पर लोग मौत के कगार पर, समझ लो बारूद के ढेर पर खड़े हुए हैं। क्योंकि लोगों का खान-पान, चरित्र गिर गया। लोगों का अंत: करण खराब हो गया। खून बेमेल हो रहा है। मांस-मछली अंडा खाने, शराब पीने की वजह से विकार आ रहे हैं। उनको भी दूर करो। लोगों को बताओ- हाथ जोड़कर विनय हमारी, तजो नशा बनो शाकाहारी। छोड़ो व्यभिचार बनो ब्रह्मचारी, सतयुग लाने की करो तैयारी। इसमें भी आप जितना कर सकते हो, उतना सहयोग करो, मदद करो।

**सभी सतसंगियों की सेवा कैसे लगेगी**

आप प्रचार करोगे तो आपके कर्म कटेंगे। जैसे-जैसे जिसके कर्म होंगे, कटेंगे। हर काम हर कोई नहीं कर सकता। यात्रा निकालते हो, प्रचार करते हो, कोई नहीं जा सकता तो उसमें सहयोग ही कर दो, योगदान अपना दे दो। दिल-दिमाग बुद्धि लगा दे, योजना बना दे, साधन-सुविधा उपलब्ध करा दे, भोजन बनाकर खिला दे, कोई पर्चा छपवा करके दे दे, सबकी सेवा लग जाएगी।

**जन-जन को शाकाहारी, नशामुक्त, ईश्वर वादी बनाना है**

आप एक अभियान चलाओ। अभी आपने जीव जागरण धर्म यात्रा निकाला।

यह एक यात्रा से काम नहीं चलेगा। प्रचार इससे पूरा नहीं हो पाया। प्रचार आपको जन-जन तक करना है। जन-जन तक अपनी बात पहुंचानी है। जन-जन को शाकाहारी नशामुक्त ईश्वरवादी बनाना है। देशभक्त, समाज भक्त, परिवार भक्त, मात-पिता भक्त बनाना है। फिर यात्रा निकालो। प्रचार में लगो।

# जल जीवन हरियाली के तहत मनरेगा पीओ ने पंचायत को दिया पानी का टैंकर



कोलफील्ड मिरर 03 मई (ऋषि कान्त मिश्र) पीरपैंती-: प्रखंड के मानिकपुर पंचायत में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम के अंतर्गत जल जीवन हरियाली योजना के तहत प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी देवेश कुमार गुप्ता के द्वारा पानी टंकर दिया गया। वहीं उन्होंने बताया कि भीषण गर्मी में पौधा को बचाने के लिए मनरेगा की ओर से पहाड़ी क्षेत्र में जहां पानी का लेयर कम हो गया है, वैसे जगह पर जल जीवन हरियाली योजना के तहत टैंकर की व्यवस्था स्थाई रूप से की जा रही है। इसी योजना के तहत मानिकपुर पंचायत में टैंकर उपलब्ध करवाया गया है। साथ ही पीरपैंती बाजार पंचायत में भी इस योजना का लाभ दिया जाएगा। इस दौरान पीटीए अरुण कुमार, मुखिया अरविंद साह, मुखिया प्रतिनिधि गुंजन कुमार, चन्द्रशेखर यादव सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# शक्ति महायज्ञ के चौथे दिन दर्शन पूजन करने उमड़ी श्रद्धालुओं की भारी भीड़



कोलफील्ड मिरर 03 मई (ऋषि कान्त मिश्र) पीरपैंती-: प्रखण्ड के ओलापुर पंचायत के मधुबन शितला स्थान में चल रहे शक्ति महायज्ञ के चौथे दिन श्रद्धालुओं का भीड़ यज्ञ पुरूष भगवान की पूजा अर्चना के लिए काफी उत्साहित देखी गई। चिलचिलाती धूप की परवाह किए बिना भक्तगण यज्ञ मण्डप में धूप-तिल लेकर यज्ञ मंडप का परिक्रमा किये। यज्ञ मण्डप में यज्ञाचार्य हरेन्द्र शास्त्री सहित अन्य विद्वान ब्राह्मणों के द्वारा वेद मंत्रों के उच्चारण, हवन आहुति से वातावरण काफी रमणीक और अलौकिक शक्तियों का संचार कर रहा था।जिससे आस-पास के मनुष्य सहित समस्त जीव जंतु काफी ऊर्जान्वित आनन्दित महसूस कर रहे थे। वहीं बाल संत त्यागी जी महाराज ने कहा कि यज्ञ में सभी मनुष्यों को बढ़-चढ़ कर भाग लेना चाहिए। वैदिक विधि से यज्ञ मंडप की परिक्रमा करने से अनंत फल की प्राप्ति होती है। सन्ध्या समय विश्राम आरती में पुरुष एवं महिला श्रद्धालुओं की भारी भीड़ शामिल हुई।

# डालसा द्वारा मजदूर दिवस पर दी गयी योजनाओं की विस्तृत जानकारी



कोलफील्ड मिरर 03 मई (धनबाद): अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस के मौके पर डालसा द्वारा विधिक जागरूकता शिविर लगाकर मजदूरों के लिए बनाए गए विभिन्न सरकारी योजनाओं व कानून की जानकारी दी गई। इस बावत जानकारी देते हुए डालसा सचिव सह अवर न्यायाधीश राकेश रौशन ने बताया कि झारखंड विधिक सेवा प्राधिकरण रांची के निर्देशानुसार और प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राम शर्मा के मार्गदर्शन में बुधवार 1 मई 2024 को अंतरराष्ट्रीय श्रम दिवस के अवसर पर हिरापुर में जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें एलएडीसीएस चीफ कुमार विमलेंदु, शैलेन्द्र झा,नीरज गोयल, कन्हैया लाल ठाकुर ने विभिन्न योजनाओं व कानून की जानकारी दी। श्रम दिवस के अवसर पर उपस्थित श्रमिकों तथा अन्य लोगों को संबोधित करते हुए एसएडीसीएस चीफ ने कहा कि किसी भी समाज, देश, संस्था और उद्योग के मजदूर, कामगारों और मेहनतकशो कि अहम भूमिका होती है जिसको ध्यान में रखते हुए कामगारों और मजदूरों के हित में बहुत सारे कानून बनाए गए हैं जिसमें फैक्ट्री एक्ट,मिनिमम वेजेस एक्ट आदि शामिल है। एलएडीसीएस के सहायक नीरज गोयल ने कहा कि असंगठित मजदूर और कामगारों का लेबर कार्ड बनाया जाता है जिससे उन्हें बहुत सारे लाभ मिलते है। बाल श्रम के बारे में बताते हुए उन्होंने कहा कि बाल श्रम कानूनी रूप से अपराध है जिसके लिए सजा एवं जुर्माना का प्रावधान है। सहायक शैलेन्द्र झा ने कहा कि कामगारों के लिए सरकार द्वारा बहुत सारी योजनाएं बनाई गई हैं। उन्होंने मातृत्व सुविधा योजना, अंत्योष्टि सहायता योजना समेत अन्य योजनाओं की जानकारी देते हुए इसका लाभ लेने की अपील की। इस मौके पर पारा लीगल वोलेंटियर अरविंद प्रसाद, योगेश कुमार, राजेश सिंह, हेमराज चौहान, डिपेंटी गुप्ता, गीता कुमारी, अजित समेत दर्जनों लोग थे।

# बच्चों के शारीरिक और मानसिक वेलनेस को लेकर किया कैंप का आयोजन



कोलफील्ड मिरर 03 मई (धनबाद): जगजीवन नगर स्थित इंडिया थेरेपी सेंटर की टीम के द्वारा यूरो किड्ज्ज सरायढेला शाखा में शारीरिक और मानसिक विकास को बढ़ावा देने के लिए गुरुवार को एक कैम्प का आयोजन किया गया। पूर्णतया बाल विकास को बढ़ावा देने के एक सक्रिय पहल के रूप में, भारत थेरेपी सेंटर हाल ही में यूरो किड्ज़्ज सरायढेला शाखा के साथ मिलकर एक जागरूकता अभियान का आयोजन किया। शारीरिक और मानसिक वेलनेस पर केंद्रित इस कार्यक्रम का उद्देश्य अभिभावकों और परिचारकों को बच्चे के समग्र कल्याण के महत्व के बारे में शिक्षित करना था। इंडिया थेरेपी सेंटर की टीम ने एक विविधतापूर्ण खेलों और गतिविधियों का आयोजन किया जो बच्चों के शरीर और मस्तिष्क दोनों को सक्रिय करने के लिए डिज़ाइन किया गया था। इसमें अभिभावको ने अपने बच्चों के साथ सक्रिय भागीदारी की, जिससे केंद्र के सेवाओं का मूल्यवान अनुभव मिला।इस कार्यक्रम के दौरान, इंडिया थेरेपी सेंटर के प्रतिनिधियों ने बच्चे के विकासी यात्रा में शारीरिक और मानसिक देखभाल के महत्व पर जागरूकता सत्र आयोजित किया। उन्होंने केंद्र में उपलब्ध विभिन्न कार्यक्रमों और सेवाओं पर विस्तार से चर्चा की, जिसमें बच्चों के लिए विशेष आत्मिक स्वास्थ्य कार्यक्रम भी शामिल हैं। इंडिया थेरेपी सेंटर और यूरो किड्ज़्ज के इस साझेदारी के प्रयासों ने उपस्थित अभिभावकों और सरायढेला शाखा के कर्मचारियों दोनों से सकारात्मक प्रतिक्रिया प्राप्त की। अभिभावकों ने इस अभियान के लिए खुशी जाहिर की और उन्होंने अपने बच्चे के कल्याण के लिए आगे आने का वादा किया। इस कार्यक्रम ने न केवल एक शिक्षात्मक मंच के रूप में कार्य किया बल्कि यह केंद्र अभिभावकों और स्थानीय समुदाय के बीच संबंध को मजबूत भी किया। ऐसी पहल को हमारे समाज में व्यापक विकास के लिए एक महत्वपूर्ण उपाय के रूप में माना जाता है। इस कार्यक्रम को संतोष और प्रशंसा के उच्च स्तर पर समाप्त होने के साथ इंडिया थेरेपी सेंटर यूरो किड्ज़्ज के साथ बच्चों के शारीरिक और मानसिक कल्याण को बढ़ावा देने के लिए भविष्य की साझेदारियों की ओर प्लान कर रहा है।

# अनुपमा सिंह के नामांकन में सैकड़ों की संख्या में निरसा से शामिल हुए कार्यकर्ता



कोलफील्ड मिरर 03 मई (निरसा): धनबाद लोकसभा कांग्रेस सह इंडिया गठबंधन प्रत्याशी अनुपमा सिंह के नामांकन में धनबाद के गोल्फ ग्राउंड मैदान में निरसा विधानसभा से पूर्व जिला परिषद सदस्या दुर्गा दास और कार्यकारी अध्यक्ष ईसीएल रीजनल कमेटी राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन इंटक शशि भूषण तिवारी के नेतृत्व में सैकड़ों की संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता और राकोमयू इंटक के कार्यकर्ता शामिल होने के लिए चार बस, पच्चीस छोटे गाड़ियों के जत्थे के साथ पहुंचे। नामांकन के उपरांत झारखंड सरकार के मुख्यमंत्री चंपई सोरेन, ग्रामीण विकास मंत्री झारखंड सरकार आलमगीर आलम, कृषि मंत्री झारखंड सरकार बादल पत्रलेख, श्रम मंत्री झारखंड सरकार सत्यनारायण भोक्ता, झारखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर, झरिया विधायक पुर्णिमा नीरज सिंह, बेरमो विधायक कुमार जय मंगल सिंह उर्फ अनुप सिंह, सभी इंडिया गठबंधन के जिलाध्यक्ष सहित अन्य लाखों की संख्या में कांग्रेसी और इंडिया गठबंधन के लोग उपस्थित हुए। निरसा से सुभम सिंह, बिजेंद्र शर्मा, अंकित रजक, सत्यम सिंह, विजय सिंह, प्रदीप मांजी, राजन शर्मा, मेहताब आलम सहित सभी शामिल हुए।

# अग्निपीड़ितों के बीच पूर्व जिला परिषद सदस्या ने किया साड़ी वितरण



कोलफील्ड मिरर 03 मई (ऋषि कान्त मिश्र) कहलगांव-: प्रखंड के रामजानीपुर गांव में विगत दिनों हुये भीषण आग लगी की घटना में कई घर, मवेशी व लोगो के घरों का कपड़ा, खाने पीने का सारा सामान जलकर राख हो गया था। जिस वजह से पीड़ित परिवारो को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पीड़ित परिवारों की सहायता के लिए प्रशासन से लेकर राजनीतिक एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने मदद को हाथ बढ़ाकर सहारा बनने का काम कर रहे है। इसी कड़ी में पूर्व जिला परिषद सदस्य कंचन आजाद ने अग्नि पीड़ितों के बीच साड़ी का वितरण किया।

# राष्ट्रीय मानवाधिकार एवम् भ्रष्टाचार निवारण भारत, के झारखण्ड प्रदेश कार्यालय का उद्घाटन



कोलफील्ड मिरर 03 मई (निरसा): राष्ट्रीय मानवाधिकार एवम् भ्रष्टाचार निवारण (भारत), के झारखण्ड प्रदेश कार्यालय का किया गया विधिवत उद्घाटन समारोह, साथ में सदस्यों के अच्छे कार्य के लिए किया गया सम्मानित।

राष्ट्रीय मानवाधिकार एवम् भ्रष्टाचार निवारण (भारत) के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेश मीणा के द्वारा झारखण्ड प्रदेश मे मनोज कुमार मंडल को प्रदेश अध्यक्ष में पदोनिति के साथ राष्ट्रीय कार्यालय के गाइडलाइन एवम् आदेश के अनुरूप प्रदेश कार्यालय के गठन के रूप में श्रमिक दिवस के अवसर चिरकुंडा में कार्यालय का उद्घाटन रेणु देवी फीता काटकर एवम् राजेश गुप्ता नारियल के साथ विधिवत रूप से झारखण्ड प्रदेश के सदस्यों के बीच प्रदेश कार्यालय का उद्घाटन किया गया, इस अवसर पर झारखण्ड प्रदेश के सभी सम्मानित पधाधिकारी उपस्थित रहें। 2024 में संघठन के द्वारा उत्कृष्ट कार्यों के सम्पादन किए जाने पर चिन्हित कार्यकर्ता को प्रदेश के पधाधिकारीयो के द्वारा शील्ड (सर्टिफिकेट), मोमेंटो एवम् फूल माला पहनाकर 65 सदस्यों को सम्मानित किया गया, सम्मानित समारोह का मंच संचालन रिंकु भात्याचार्या एवम् मंच संचालन अध्यक्ष बिहारीलाल अग्रवाल के द्वारा प्रारंभ किया गया, बारी बारी से प्रदेश के पधाधिकारी के द्वारा मानवाधिकार से सम्बन्धित नियम, कार्य, दायित्व एवम् उनके शक्ति के विषय में जानकारी दी गईं, कार्यक्रम में अमन सिंह जी को संघठन के संघरक्षक के रूप में घोषित किया गया एवम् अमन जी को पुष्पगुच्छ ओर मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया, कार्यक्रम में शामिल सभी सद्स्य को उनके पद ओर उनके दायित्व एवम् शक्ति के वारे में चर्चा कि गई, चर्चा ये भी कि गई राष्ट्रीय मानवाधिकार एवम् भ्रष्टाचार निवारण भारत के प्रदेश, ज़िला, नगर एवम् प्रखण्ड स्तर के सभी रिक्त पदो को योग्य अधिकारी एवम् पदाधिकारी को उनके योग्यता के अनुरुप दायित्व सौपने का कार्य इस वर्ष पुरा किया जाएगा।

# अगर नशे पर तुरंत रोक नहीं लगी तो देश के 50% नौजवान, पागलों की तरह इधर-उधर दिखेंगे, दुर्घटनाएं बढ़ती चली जाएंगी



**प्रभु के जीव जो किसी को आवाज भी न लगा सके, उन पर दया कृपा मेहरबानी करो, मारो मत, जियो और जीने दो**

कोलफील्ड मिरर 03 मई (कन्नौज/ उ.प्र.): इस समय के युगपुरुष, पूरे समरथ सन्त सतगुरु, दुःखहर्ता, उज्जैन वाले बाबा उमाकान्त जी महाराज ने अधिकृत यूट्यूब चैनल जयगुरुदेवयूकेएम पर लाइव प्रसारित संदेश में बताया कि जो जानवरों को मारता, काटता, मांस को निकालता, लाता, पकाता, खाता, खिलाता, सबको बराबर पाप लगता है। पाप का बोझा बहुत भारी होता है। पाप न सिंधु समाय। समुद्र में भी पाप नहीं समाता है इसलिए पाप से दूर रहना। तौबा कर लो, कान पकड़ लो, जो भी हिंसा-हत्या आपकी वजह से हुई, अब न होने पावे। मोटी बात समझो- यह मानव मंदिर जिस्मानी मस्जिद है। ईसा मसीह ने इसको टेम्पल ऑफ़ लिविंग गोड कहा। अगर यह (मांसाहार, नशा आदि से) गंदा हो जाएगा तो कितना भी पूजा-पाठ, उपासना, साधना करोगे, प्रभु को कबूल नहीं होगा।

**तेजी से बढ़ती नशे की लत से देश का भविष्य-नौजवानों की जवानी खतरे में**

प्रभु के जीवों पर दया करो तभी वह मिलेगा जिसे दया सिन्धु, गरीब परवर दिगार। इन गरीबों असहायों को मत मारो जो किसी को आवाज भी न लगा सके। इन पर जब दया करोगे तभी दया सिंधु आप पर दया करेगा। दया करो, कृपा करो, मेहरबानी करो, जियो और जीने दो। खुद भी जियो और इनको भी जीने दो। जवान-जवान बच्चे दुबले हो रहे हैं। तेज हवा चले तो उड़ जाएं। सोचो उनकी जवानी किस काम आएगी? यह अपने लिए, देश समाज के लिए कुछ कर पाएंगे? क्योंकि अंडा मछली मांस के बगैर खा नहीं पाते हैं। दिन में खाते हैं, रात में किसी न किसी सुराख से निकल जाता है। देश का, समाज परिवार का, भविष्य क्या होगा? इसलिए बच्चों पर ध्यान दो। हमारा बच्चा, लड़की कहां जा रही है। कहीं नशेड़ियों, व्यभिचारियों, गलत लोगों के साथ बच्चा तो नहीं पड़ रहा।

**अगर ध्यान नहीं दिए तो आपके बच्चे अकाल मृत्यु से प्रेत योनियों में चले जाएंगे**

अगर आप बच्चों पर ध्यान नहीं दोगे तो आज कन्नौज जिला के हाथिन में बता करके जा रहा हूं कि कुछ समय बाद यही नौजवान देश के 50%, सौ में पचास नौजवान, यह पागलों जैसे नशे की आदत में इधर-उधर पड़े दिखेंगे, दुर्घटनाएं बढ़ती चली जाएँगी, अकाल मृत्यु, प्रेत योनियों में चले जाएंगे। प्रेतों का पेट बड़ा और मुंह पतला होता है। पेट ही नहीं भरता। खुद परेशान रहते और दूसरों को भी परेशान करते रहते हैं। यही बच्चे प्रेत योनि में चले जाएंगे। आपको ही लग जाएंगे तो आप चैन की रोटी खा पाओगे या कुछ कर पाओगे? इसलिए ध्यान देने की जरूरत है।

# देखो जी कर परहित भी

कोलफील्ड मिरर 03 मई 2024: आज के समय में सब अपने व अपनों के हित की सोचते व करते है लेकिन दूसरो के हित को देखने वाले बहुत कम विरले ही होते है। शिवमस्तु सर्वजगत्: परहित-निरता भवंतु भूतग़णा: दोषा: प्रयांतु नाशं सर्वत्र सर्वे सुखिनो भवंतु। भगवान या तीर्थंकर की सदैव यही देशना रही की हम प्राणीमात्र के प्रति उनके दुखों के प्रति संवेदनशील रहे। उनके काम आ सके उनकी भलाई का सोचे। वैसे भी अपने लिए जिए तो क्या जिए औरों के लिए जीना ही जीवन है। हम जानते भी हैं और मानना भी चाहिए कि लाख यतन कर लेना भले ही संग ना कुछ भी जाना है तो हम विषयों की आशा नहीं बल्कि साम्य -भाव -धन रखे ताकि निज-पर के हित- साधन में जो निशदिन तत्पर रहे। अपना साहस-शक्ती-तप-बल और पराक्रम, हमेशा निज परहित हेतु करे अथक परिश्रम। सुख ही नही सुकून भी मिलेगा। कर भला तो हो भला। हमारे पूर्वजों ने तो हमें दिया ओजस्वी प्रकाश-जगाया भीतर का सदैव विश्वास, ज़माने से लड़ने की ताक़त दी और नया सवेरा दिया ताकि हमारा निर्मल मन -निस्वार्थ सेवा भाव और त्याग की कसौटी पर हम प्रकाशमान हो। हमारे दिल के तार सीधे ईश्वर से जुड़े, सही मार्गदर्शन से उत्थान हो। बदलना है स्वयं को कितने ही तूफान हों। कितनी ही आधियां हों भीतर एक ऐसा दीया है कि उसकी शमा जलाई जा सकती है। कितना ही अंधकार हो बाहर भीतर एक मंदिर है जो रोशन हो सकता है। सब जीवों के प्रति करुणा के भावों और प्रमोद भावना हमारी सब जीवों के प्रति हो। सबके कल्याण में अपना कल्याण खोजें।सब जीवों को हम अपने जैसा समझें। अतः यह मानवोचित है कि हम अपनी प्राप्त क्षमता, ज्ञान, प्रतिभा आदि का सही से उपयोग करके दूसरों की सेवा और भलाई के लिए भी करें यानि दूसरों के लिए भी जिएं।

**प्रदीप छाजेड़**
**बोरावड़**



# इस ठग को क्या नाम दे

बड़े नम्बरी होते हैं वो आदमी,
जो करते हैं शोषण छोटे आदमी का,
और छीन लेते हैं उधारी चुकाने के नाम पर,
गरीब आदमी की जमीन और आजादी।

लेते हैं काम छोटे आदमी को,
कोल्हू के बैल की तरह दिनरात,
एक वर्ष की मजदूरी बीस हजार देकर,
जबकि होते हैं खर्च पाँच हजार एक माह में।

लेता है ब्याज बहुत वो आदमी,
छोटे आदमी को देकर उधार रुपये,
बड़े ही ठाठ होते हैं इन आदमियों के,
जिनके होते हैं मकां महलनुमा।

होती है उनकी जिंदगी राजा सी,
जिनके एक ही आदेश पर,
हो जाते हैं सारे काम,
और हाजिर नौकर चाकरी में।

कमाता होगा इतने रुपये वह आदमी,
मेहनत की कमाई से कभी भी नहीं,
बनाता है वह अपनी इतनी सम्पत्ति,
भ्रष्टाचार और दो नम्बर की कमाई से।

लेकिन एक ऐसा आदमी भी है,
जो लेता है बड़े आदमी से भी ज्यादा दाम,
करता नहीं रहम वो अपने भाई पर भी,
और कोसता है वह बड़े आदमी,
इस ठग को क्या नाम दे।।

**गुरुदीन वर्मा उर्फ़ जी.आज़ाद**
**बारां (राजस्थान)**
**कोलफील्ड मिरर**



# प्यारा महीना फ़ागुन का सुंदर और सलोना है

सबके हृदय में आनंद और
उल्लास जगाता है।
धन-धान्य से परिपूर्ण, मन
उद्वेलित हो जाता है।
प्यारा महीना फ़ागुन का
सुंदर और सलोना है।

फागुन अभी शुरू हुआ है,
है, खुशियों का माहौल।
गैहूं की बालियां लहराई आम
मोरों से सज जाता है।
प्यारा महीना फ़ागुन का
सुंदर और सलोना है।

अलबेला सा मौसम जुनून
शबाब पर होता है।
शंकर जी के लिए जयगान
शुरू हो जाता है।
प्यारा महीना फ़ागुन का
सुंदर और सलोना है।

पलास सजकर फूलों से
अपनी सुंदरता पर इतराता है।
नवयौवन सा श्रृंगार है, वन में
वन भी तो मुस्काता है।
प्यारा महीना फ़ागुन का
सुंदर और सलोना है।

फ़ागुन आकर होली के आने
का एहसास कराता है।
इंद्रधनुष सा त्यौहार हमारा
मन रंगों से रंग जाता है।
प्यारा महीना फ़ागुन का
सुंदर और सलोना है।

दीपक की ज्योति सा रंग
केसरिया लेकर खिला पलाश।
आओ आ जाओ ना मुश्ताक़
यह पास हमें बुलाता है।
प्यारा महीना फ़ागुन का
सुंदर और सलोना है।

**डॉ. मुश्ताक़ अहमद शाह**
**सहज़ हरदा मध्य प्रदेश**
**कोलफील्ड मिरर**



# करूणा

कोलफील्ड मिरर 03 मई 2024: विवाह की लगभग सभी रस्में पूरी हो चुकी थी। वर-वधू एक साथ जीवन-निर्वाह की कस्में खा चुके थे। विदाई का समय हो रहा था। दुल्हन बनी सात भाइयों की इकलौती बहन करूणा फफक-फफक कर रो रही थी। आँसुओं की गोल-गोल बूँदें गाल पर मोती सी चमक रही थी। दीवार से टिककर साड़ी के पल्लू से मुँह ढँककर विधवा माँ सावित्री रो रही थी। बचपन की सहेली करूणा की जुदाई पर सिसकती सहेलियों को उसकी जुदाई से ज्यादा दु:ख इस बात का था कि आज करूणा बंधुहीन बहन सी सजा भुगत रही है।

मंडप में अड़ोस-पड़ोस के लोग नजर आ रहे थे। औरतें एक-दूसरे के कानों में कह रही थी कि सभी तो दिख रहे हैं, पर करूणा के एक भी भाई नहीं दिख रहे हैं। एक अधेड़ औरत अपनी गाल पर तर्जनी टिका कर कहने लगी- "अई...! इस समय कोई हो या न हो, लेकिन उसका बड़ा भाई महेश को जरूर होना चाहिए।"

"शायद करूणा अपने भाइयों के लिए बोझ बनी थी। इनके भाई शादी नहीं कर रहे हैं, बल्कि वे बला टाल रहे हैं।" मंडप में एक स्वर उभरा।

"साले, सभी जोरू के गुलाम हैं।" एक युवक ने ताने कसते हुए मंडप से निकल गया।

एक नि:संतान औरत भोली-भाली करूणा एवं उसके अपाहिज पति को देख कर रुँधे कंठ स्वर से बस इतना ही बोल पायी- "वाह री किस्मत!"

बैसठ बसंत वाली सावित्री करूणा को सीने से लगा कर मंडप से बाहर हार्न दे रहे जीप की ओर बढ़ने लगी। करूणा के सर के भार से सावित्री का सीना पत्थर बन चुका था। मंडप में कोई ऐसी पलकें नहीं थीं जो तर नहीं हो।

करूणा के सबसे करीब रहे दुल्हे राजा भावेश को मंडप से बाहर निकलते समय अपनी नई-नवेली दुल्हन का करूणा नाम सार्थक लग रहा था।

**टीकेश्वर सिन्हा "गब्दीवाला"**
**घोटिया-बालोद (छत्तीसगढ़)**



# राजनीतिक रणनीति

कोलफील्ड मिरर 03 मई 2024: अपने निर्वाचन क्षेत्र के विकास के लिए, जनता की भलाई के लिए सत्ता पार्टी में कूदना जरूरी है कहते हुए अन्य दलों के नेता मगरमच्छ के आंसू बहा रहे हैं। वह तो ठीक है, फिर भी राजनीति छोड़ने की इच्छा इतने बड़े मंत्री द्वारा व्यक्त किया जाना दुख की बात है। सौ कौओं के कांव-कांव के बीच कोयल की मीठी आवाज कितनी भी ऊंची हो क्या फायदा? कितने राजनेताओं ने भीष्म प्रतिज्ञा ली थी अगर उन पर लगे आरोप सत्य सिद्ध हुए तो वे राजनीति से संन्यास ले लेंगे। वहां तक क्यों? पश्चिम बंगाल के बाबुल सुप्रियो को पिछले वर्ष केंद्रीय मंत्री पद से उतारने के बाद उन्होंने कसम देकर कहा था कि अब राजनीति से अलग हो जाएंगे। साल भर में ही दूसरी पार्टी के सरकार में मंत्री बन गए। जनसेवा के प्रति मन इतना खींचा कि वे कसम तोड़ कर प्रजा की सेवा करने उतर पड़े। आप कुछ भी कहो एक बार जनसेवा के मैदान में उतरने के बाद सत्ता या अधिकार न हो तो अच्छा नहीं लगता। मन मानता ही नहीं। बिरयानी, सुरा, धन देकर पालने वाले समर्थकों के जय जयकार, अपना धन खर्च कर फूलों की वर्षा करने वाले निमंत्रण, अखबारों में, चैनलों पर खबरें और कवरेज और सबसे ज्यादा आने वाली पीढ़ियों के लिए पर्याप्त लूटा गया धन। इन सब का मजा ही कुछ और है। उनमें आसमान के तारे तक खरीद सकतने का आत्मविश्वास इन सब से दूर होने की सोच ही भयानक होती जाती है। सच है आम जनता के जीवन में जीएसटी की मार, महंगाई भरमार, खुशी की घटोतरी समस्याओं की बढ़ोतरी। नेताओं के जीवन में संपत्ति का धन, स्विस बैंक के धन का गुना अधिक संपत्ति का भंडार। वास्तव में राज्यों में जो हरी-भरी सरकारें हैं, उन्हें गिरा कर पतझड़ लाया जा रहा है। इसी से सिद्ध होता है कि सत्ता के बिना समय काटना कितना मुश्किल है। मतलब बीपी, शुगर टेबलेट की तरह आदि हो चुके लोगों के लिए सत्ता अधिकार भी अनिवार्य औषधि है। औषधि शब्द छोटा पड़ जाता है। वास्तव में पावर या सत्ता एक नशा है। शराबी इसके बारे में बहुत अच्छी तरह बता सकेंगे। कुछ भी हो सेवा मिथ्या है। सारा कुछ सत्ता के लिए लालच है। वह भी शेर की सवारी है। जब तक चले, चले। एक बार सवारी से गिरे या हाथ छूटे तो समझो जनता के आगे पराजित राजनीतिक विदूषक के रूप में बचे रहेंगे।

**डॉ टी महादेव राव**
**विशाखापटनम (आंध्र प्रदेश)**



## एलन मस्क का भारत से रुख़ कहीं चीन को लगीं मिर्ची ने तो नहीं मोड़ा?

# भारत यात्रा टलने के बाद अचानक चीन पहुंचे एलन मस्क- कई सवाल खड़े हुए?

***एलन मस्क की भारत यात्रा स्थगित होना, चीन यात्रा को सार्वजनिक रूप से चिन्हित नहीं करनां, चीन को मिर्ची लगने के परिणाम का अंजाम, कयास लगाना लाज़मी है- एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया***




कोलफील्ड मिरर 03 मई (गोंदिया): वैश्विक स्तरपर पूरी दुनियां के विकसित व विकासशील देशों की नज़रें भारत पर लगी हुई है। क्योंकि अनेक महत्वपूर्ण वैश्विक एजेंसियों द्वारा भारत के विकास कार्यों की रेटिंग कर तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था व शीघ्र विश्व की तीसरे नंबर की अर्थव्यवस्था बनने के अनुमानों का को दुनियां रेखांकित कर रही है, यही कारण है कि यहां विकास नीतियों का पत्ता भी हिल्ता है तो, विस्तारवादी देश सहित अनेक देशों को शायद मिर्ची लग जाती है। बता दें कि टेक्सला कंपनी के मालिक एलन मस्क 21-23 अप्रैल 2024 को भारत दौरे पर आने वाले थे व माननीय पीएम से भी मुलाकात थी, परंतु अचानक 20 अप्रैल 2024 को एक्स ट्विटर पर जानकारी देकर भारत दौरा स्थगित कर दिया गया वजह 23 अप्रैल 2024 को अमेरिका में टेक्सले की पहली कॉन्फ्रेंस कॉल बताई गई थी, परंतु तब चीन को मिर्ची लगने का कारण यह भी हो सकता है कि पहले चीन भारत में ईवी सेक्टर में एंट्री करने को काफी उत्सुक था,परंतु भारत ने अनुमति नहीं दी जो अब टैक्सला करने जा रही थी तो मिर्ची लगना स्वाभाविक भी था। परंतु अब अचानक रविवार दिनांक 28 अप्रैल 2024 को एलन मस्क के चीन पहुंचने व चीनी पीएम से सीधे मुलाकात करने और चीन यात्रा को सार्वजनिक रूप से चिन्हित नहीं करने करना चीनी मिर्ची के परिणाम का अंजाम होने के कयास लगाए जा रहे हैंजिनको रेखांकित करना होगा। चूंकि एलन मस्क का रुख कहीं चीन ने अपने तरफ तो नहीं मोड़ा ऐसे कयास लगाए जा रहे हैं, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, एलन मस्क की भारत यात्रा स्तथगित होना, चीन को सार्वजनिक रूप से चिन्हित नहीं कर पहुंचना, चीन को मिर्ची के परिणाम का अंजाम केकयास लगना लाजमी है।

साथियों बात अगर हम एलन मस्क की 28 अप्रैल 2024 को अचानक चीन यात्रा की करें तो, अरबपति कारोबारी एलन मस्क रविवार को अचानक बीजिंग पहुंच गए। इस बीच चीन के बढ़ते इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) बाजार में उनके द्वारा टेस्ला की स्वचालित ड्राइविंग तकनीक का अनावरण करने की भी अटकलें हैं। मस्क ने रविवार को चीन के प्रधानमंत्री ली कियांग से मुलाकात की और अपनी वाहन कंपनी टेस्ला के लिए भविष्य की विस्तार योजनाओं पर चर्चा की। ली ने मस्क से कहा कि चीन का विशाल बाजार विदेशी वित्तपोषित उद्यमों के लिए हमेशा खुला रहेगा। उन्होंने कहा कि चीन विदेशी वित्तपोषित उद्यमों को बेहतर कारोबारी माहौल और मजबूत समर्थन प्रदान करने के लिए बाजार पहुंच का विस्तार करने और सेवाओं में सुधार करने पर कड़ी मेहनत करेगा ताकि सभी देशों की कंपनियां शांत मन से चीन में निवेश कर सकें। हांगकांग के समाचार पत्र पोस्ट ने लिखा कि मस्क के स्टेट काउंसिल में वरिष्ठ चीनी अधिकारियों और बीजिंग में पुराने दोस्तों से मिलने की संभावना है। मस्क ने शंघाई में सात अरब डॉलर के निवेश से एक ईवी संयंत्र स्थापित किया था, जिसके बाद से उनकी टेस्ला ईवी चीन में लोकप्रिय हो गई है। इस संयंत्र में उत्पादन 2020 में शुरू हो गया था।ली ने कहा कि चीन में टेस्ला के विकास को चीन अमेरिका आर्थिक सहयोग का एक सफल उदाहरण कहा जा सकता है। उन्होंने कहा कि तथ्यों ने साबित कर दिया है कि समान सहयोग और पारस्परिक लाभ दोनों देशों के सर्वोत्तम हित में हैं। चीन के पीएम ने कहा कि उम्मीद है कि अमेरिका और चीन बीच में मिलेंगे और दोनों राष्ट्राध्यक्षों के रणनीतिक मार्गदर्शन में द्विपक्षीय संबंधों के स्थिर विकास को बढ़ावा देंगे। चीन परिषद के बुलावे पर बीजिंग पहुंचे मस्क चीनी मीडिया की रिपोर्ट्स के अनुसार, एलन मस्क चीन की अंतरराष्ट्रीय व्यापार बढ़ाने वाली परिषद (सीसीपीआईटी) के बुलावे पर बीजिंग पहुंचे हैं, जहां वे परिषद के अध्यक्ष रेन होंगबिन से भी मुलाकात करेंगे और टेस्ला और चीन के बीच आगे सेसहयोग पर चर्चा करेंगे। एलन मस्क की इलेक्ट्रिक कारें बनाने वालीकंपनी टेस्ला चीन में काफी लोकप्रिय है। मस्क की कंपनी चीन में प्रीमियम श्रेणी की इलेक्ट्रिक कारें बनाती हैं, लेकिन बीते कुछ समय से चीन की ईवी कार बनाने वालीकंपनियों से टेस्ला को कड़ी प्रतिस्पर्धा मिल रही है।

साथियों बात अगर हम एलन मस्क के 21-23 अप्रैल 2024 को भारत यात्रा फिर 20 अप्रैल 2024 को अचानक स्थगन की करें तो, पिछले हफ्ते एलन मस्क भारत दौरे पर आने वाले थे, इस दौरान वो अरबों डॉलर एक निवेश योजनाओं का ऐलान भी करने वाले थे। लेकिन अचानक खबर आई कि मस्क फ़िलहाल भारत नहीं आ रहे हैं।दरअसल, भारत आने से पहले दुनियां के तीसरे सबसे अमीर बिजनेसमैन एलन मस्क को बड़ा झटका लग गया था। ये झटका 24 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा का था। कंपनी का मार्केट कैप भी बुरी तरह 500 अरब डॉलर से नीचे आ गया है। जिसके चलते उन्हें भारत दौरा एक बार फिर कैंसिल करना पड़ाथा ऐसी जानकारी मीडिया में दी गई है। हालांकि, उन्होंने इसके पीछे वजह बताई अपने एक्स हैंडल पर बताई उन्होंने कहा कि टेस्ला दायित्वों के कारण भारत की यात्रा में देरी हो रही है। वो इस साल के अंत तक भारत आ सकते हैं। जानकारी के अनुसार, एलन मस्क ने टेस्ला के तिमाही नतीजे जारी करने कि डेट पहले से ही फिक्स कर रखी थी। ऐसे में भारत विजिट के बाद तिमाही नतीजे लेट होने की संभावना थी। यही वजह है कि एलन मस्क ने भारत दौरे को टाल दिया है। हालांकि, साल के अंत तक वह कब तक आएंगे, अभी इस बारे में कोई जानकारी नहीं मिल सकी है।

साथियों बात अगर हम एलन मस्क के भारत दौरे पर चीन को मिर्ची लगने की करें तो, चीन को टेस्ला की भारत में संभावित एंट्री पसंद नहीं आ रही है। चीनी सरकार के मुखपत्र माने जाने वाले ग्लोबल टाइम्स ने भारत के टेस्ला को आमंत्रित करने के महत्वाकांक्षी कदम पर यह भविष्यवाणी करके रोक लगा दी है कि यह काम नहीं करेगा, क्योंकि यह बहुत जल्दबाजी में लिए गए फैसले जैसा लगता है, जो कि बहुत कम तैयार और अपरिपक्व भारतीय बाजार के लिए उपयुक्त नहीं है। यह निराशाजनक टिप्पणी इस बात को नजरअंदाज करती है कि कई बड़े चीनी ईवी मैन्युफैक्चरर्स ने पहले भारत में ईवी बनाने में रुचि दिखाई थी, लेकिन भारत सरकार ने उन्हें अनुमति नहीं दी थी। सीमा विवादों के कारण भारत चीन संबंध खराब हो गए हैं, जिन्हें लेकर पहले झड़पें भी हो चुकी हैं। भारत ने चीनी निवेश की गहन जांच की है और कई चीनी बिजनेसेस की गलत कार्यों के लिए जांच की है। चीनी सरकार के मुखपत्र का का कहना था टेस्ला भारत में सक्सेसफुल नहीं होगी। उसने लिखा, टेस्ला मुख्य रूप से मिड एंड हाई एंड सेक्टर्स और मैच्योर मार्केट्स पर फोकस करता है। किसी को नहीं पता कि वह भारत में सफल होगा या नहीं। हालांकि, भारत का ईवी मार्केट बढ़ रहा है, लेकिन इसका आकार छोटा है। कुछ आंकड़ों से पता चलता है कि 2023 में भारत में बिकने वाले कुल यात्री वाहनों में ईवी का सिर्फ 2.3 फीसदी हिस्सा था। मीडिया में सवाल किया गया कि क्या भारत का अपरिपक्व बाजार पर्याप्त टेस्ला कारों को पचा सकता है और उन्हें मुनाफा कमाने दे सकता है। इसमें सप्लाई चेन को एक और चुनौती के रूप में बताया गया। ग्लोबल टाइम्स ने कहा, ईवी के लिए लिथियम-आयन बैटरी जैसे प्रमुख घटकों के सीमित घरेलू उत्पादन सबसे बड़ी समस्याओं में से एक है। भारत ईवी सप्लाई चेन बनाने के प्रयास में अपेक्षाकृत देर से शुरू कर रहा है। मीडिया में भारत को यथार्थवादी दृष्टिकोण अपनाने की सलाह दी गई। ग्लोबल टाइम्स ने लिखा, इस प्रक्रिया में यह सलाह दी जाती है कि भारत पड़ोसी देशों के साथ सहयोग को मजबूत करने और अधिक व्यावहारिक रवैये के साथ विनिर्माण विकास को बढ़ावा देने पर विचार करे। इस तरह ग्लोबल टाइम्स चाहता है कि भारत टेस्ला के बजाय चीनी कंपनियों द्वारा ईवी का निर्माण करे। ग्लोबल टाइम्स ने अपने लेख में जो चुनौतियां गिनाई वे टेस्ला के कारोबार को खतरे में डालने वाली चीजें नहीं हैं। वास्तव में चीनी तर्क अंगूर खट्टे हैं का एक सटीक उदाहरण है। क्योंकि कई चीनी ईवी कंपनियों ने भारत में प्लांट लगाने का प्रयास किया, लेकिन भारत सरकार ने अनुमति नहीं दी।

साथियों बात अगर हम एलन मस्क के भारत आगमन में नई एवी पॉलिसी के महत्वपूर्ण प्रयासों की करें तो, पिछले महीने सरकार द्वारा घोषित अपनी नई ईवी पॉलिसी के बाद एलन मस्क टेस्ला की भारत में एंट्री की घोषणा कर सकते थे। सरकार न्यूनतम 35, हज़ार डॉलर (रु 29.2 लाख) की लागत, बीमा और माल ढुलाई मूल्य वाली पूरी तरह से निर्मित इलेक्ट्रिक कारों के आयात की अनुमति देगी, जिस पर लोकल मैन्युफैक्चरिंग शुरू करने के लिए न्यूनतम 500 मिलियन डॉलर के निवेश के बदले पांच साल में 15 प्रतिशत आयात शुल्क लगेगा। भारत पूरी तरह से निर्मित कारों पर 100 प्रतिशत तक का आयात शुल्क लगाता है।

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि एलन मस्क का भारत से रुख़ कहीं चीन को लगीं मिर्ची ने तो नहीं मोड़ा? भारत यात्रा टलने के बाद अचानक चीन पहुंचे एलन मस्क-कई सवाल खड़े हुए? एलन मस्क की भारत यात्रा स्थगित होना, चीन यात्रा को सार्वजनिक रूप से चिन्हित नहीं करनां, चीन को मिर्ची लगने के परिणाम का अंजाम,कयास लगाना लाज़मी है।

**-संकलनकर्ता लेखक-**
**कर विशेषज्ञ स्तंभकार एडवोकेट**
**किशन सनमुखदास भावनानी**
**गोंदिया महाराष्ट्र**



# लाइफ पार्टनर

कोलफील्ड मिरर 03 मई 2024: लव मैरिज हो या अरेंज मैरिज हो जब आपको एक अच्छा लाइफ पार्टनर या हमसफर या जीवनसाथी मिल जाए तो आपके जीवन का हर एक पल चाहे वह अच्छा हो या बुरा हो वो यादगार होता है और दोनों पति-पत्नी मिलकर उसे ठीक भी कर लेते हैं यही एक पति -पत्नी के प्यार का सबूत है। चलिए आज की सच्ची घटना एक पति पत्नी पर आधारित है तो उसके बारे में लेखिका मुस्कान केशरी जी से जानते हैं। इस कपल की सबसे खास बात क्या है? पता है आप सभी को?? नहीं ना तो चलिए आप सभी को बताते है कि दोनों पति-पत्नी बहुत ज्यादा सोचते हैं यानी यह दोनों ओवर थिंकर है। पति जो है वह बड़े से बड़े बात को छोटा करने के लिए सोचता है। पत्नी जो है वह छोटी सी छोटी बात को बड़े करने के बारे में सोचती है। अभी हाल ही की बात है। पति सॉफ्टवेयर इंजीनियर है और पत्नी अभी ग्रेजुएशन की है उन्हें B.Ed का फॉर्म डालना था। पत्नी काफी दिनों से कह रही थी अपने पति को कि मेरा फॉर्म डाल दीजिए मेरा फॉर्म डाल दीजिए बार-बार कहने पर भी उसके पति ने फॉर्म नहीं डाला। इसका सबसे बड़ा कारण यह था कि पति को कंपनी का वर्क लोड बहुत था। जिसके कारण वह ना ठीक से खा पा रहा था, ना सो पा रहा था और उसकी पत्नी भी उसके साथ नहीं रहती है इसलिए सारे काम उसे अकेले करना होता है। तो वह कहां से फॉर्म डाल पाता अब इसमें एक और भी बात है। उसकी जो पत्नी थी उसकी कुछ सहेलियां अभी पीजी कर रही थी वो भी बिहार यूनिवर्सिटी से। यह बात जब उसकी पत्नी को पता चला तो वो बहुत दुखी हो गई और अपनी पति से कहने लगी की देखिए ना सब बोल रही थी कि B.ED करेंगे और खुद पीजी में एडमिशन करवा ली और मुझे बताई तक भी नहीं।अब मैं क्या करूं मेरा तो 1 साल बर्बाद हो गया। तो उसके पति ने कहा था परेशान मत हो मिथिला यूनिवर्सिटी से मैं तुम्हारा पीजी का फॉर्म डलवा देता हूं। तो पत्नी बोलती थी नहीं नहीं मिथिला यूनिवर्सिटी से नहीं करूँगी। बिहार यूनिवर्सिटी से ही करवाऊंगी। अभी B.Ed का फार्म आएगा मैं डाल दूंगी और देखिए B.Ed का जब आया फॉर्म तो वह बार-बार पति को यह कह रही थी कि बिहार यूनिवर्सिटी से आता है B.Ed का फॉर्म बिहार यूनिवर्सिटी से आता है। उसका पति तो बिहार से था भी नहीं और वर्क के कारण वह इतना देख भी नहीं पाया खोज भी नहीं कर पाया तो वह अपनी पत्नी के अनुसार B.Ed का फॉर्म बिहार यूनिवर्सिटी के अनुसार खोज रहा था उसने कई दफा खोजा लेकिन नहीं मिला तो उसे पता चला कि मिथिला यूनिवर्सिटी ही B.ED का फार्म निकलता है फिर 29 अप्रैल को मिथिला यूनिवर्सिटी के द्वारा कुछ लिंक मिले थे जिस पर रजिस्ट्रेशन वगैरा करना था। उसने वहां पर रजिस्ट्रेशन किया लेकिन पत्नी को खाना बनाना था इसलिए वह बोली की अरे रहने दीजिए कल डाल दीजिए अभी रजिस्ट्रेशन करके छोड़ दीजिए। कल 1 मई को वह लोग फॉर्म डालने के लिए उसी लिंक पर वापस जाते हैं। जहां उन्होंने रजिस्ट्रेशन किया था वहाँ रजिस्ट्रेशन में एक्टिवेशन कोड दिया था और उनका यूजर आईडी था। वह डाल रहे थे बार-बार डाल रहे थ। बताया जा रहा था इनवेलिड यूजर आईडी इनवेलिड ईमेल आईडी।उनका लॉगिन हो ही नहीं रहा था कि वह फॉर्म डाल सके। उसका पति बिहार से बाहर था और पत्नी बेचारी बिहार थी। वो अकेले में इतना ज्यादा परेशान हो गई। कि क्या कहा जाए उसे लग रहा था। कि अब इसका एक साल बर्बाद हो चुका है। सब उसकों बोलेगे कि तुमने क्या कर दिया तुम तो इतनी पढ़ी लिखी हो फोन चलाने वाली लड़की हो तुमको यह नहीं पता है कि क्या कर रही हो नहीं कर रही हो कैसे तुमने पीजी का फॉर्म नहीं डाला तुमने B.Ed का भी फॉर्म नहीं डाला क्या करना चाहती हूं। इसमें लेखिका कहना चाहती- आज के समय में लड़का हो या लड़की हर किसी पर जॉब का बहुत प्रेशर रहता है हर कोई चाहता है कि मेरे पास पैसे हों और मैं अपनी आजादी से अपने शौक पूरे करूं। इधर पत्नी इतना परेशान होकर रोने लगी और पति बेचारा जिस पर इतने सारे कामों का लोड था। वो भी परेशान हो गया कि मेरी पत्नी रो रही है। वो बार-बार उसे कॉल कर रहा था, मैसेज कर रहा था कि उठाओ बच्चा कुछ नहीं हुआ। तुम्हारा मै फॉर्म डाल दूंगा। मैं अलग से कोई तुम्हारे लिए कोर्स ले लूँगा।तुम यूपीएससी, बीपीएससी की तैयारी करों और तुम पढ़ने में इतनी अच्छी हो। पति लगातार अपनी पत्नी को हौसला दे रहा था प्रोत्साहित कर रहा था कि तुम आगे बढ़ सकती हो। उसके पति ने एक बहुत ही खास बात कही जो लेखिका के भी दिल को छुई। आज के समय में लोग पढ़ाई इसलिए नहीं करना चाहते हैं कि वह ज्ञानी बन जाए। बल्कि सभी लोग पढ़ाई इसलिए करना चाहते हैं ताकि वह जॉब कर सके पैसे कमा सके। तो पति लगातार समझाया अपनी पत्नी को। और उसकी पत्नी इस बात से इतना परेशान थी कि उसका एक साल बर्बाद हो गया और लगातार रोते-रोते रात बीती और पत्नी तो सो गई थी। लेकिन पति लगातार खोजता रहा और उसके लिए बहुत अच्छे-अच्छे क्रेज़ी क्रेज़ी पिक्चर भेजते रहा, बहुत सारी वीडियो बनाकर भेजा, बहुत सारे चॉकलेट्स का फोटो भेजो ताकि उसकी पत्नी वो सब देखकर खुश हो जाए। एक जो अच्छे लाइफ पार्टनर जो होते हैं जो चाहते हैं कि मेरी पत्नी एकदम खुश रहे बिल्कुल वैसे ही वो अपनी भूमिका निभा रहे थे और फाइनली उसने बहुत सारा यूट्यूब का लिंक भेजा, बहुत सारे जो नोटिफिकेशन आए वह भेजिए और फाइनली जब पत्नी सुबह में उठी तो उसने अपने सारे घर के काम करने के बाद देखा अपने पति का मैसेज तो उसे पता चला कि फॉर्म अभी 3 मई से शुरू होगा जो 26 मई तक फॉर्म भरा जाएगा और ठीक 1 महीने के बाद यानी 26 जून को परीक्षा होने वाला है तो सोचिए यहाँ किसकी गलती है पति की या पत्नी की गलती है। ऐसे गलती कुछ नहीं है मगर एक मिस अंडरस्टैंडिंग के कारण एक पति पत्नी का पूरी रात सिर्फ ओवरथिंकिंग में बीत गया तो इसलिए जागरूक रहे। हर क्षेत्र की जानकारी रखे, न्यूजपेपर पढ़े, मोबाइल चलाए तो इस सदुपयोग करे।।

**मुस्कान केशरी**
**मुजफ्फरपुर बिहार**